भाद्रपद कृष्ण पक्ष-7, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 140 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
04 नवम्बर 2023 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**
31 अधिकतम
18 न्यूनतम



Page- 7

**इंडिया टीवी-सीएनएक्स ओपीनियन पोल का दावा**

## हालात बदले: पहले कांग्रेस थी आगे, अब पीछे!

# 119 मप्र में भाजपा सरकार के आसार...

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र के विधानसभा चुनाव के नतीजों के अनुमान अभी से राजनीति गलियारों में तैरने लगे हैं। हालांकि मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे आने में ठीक एक महीने का वक्त बाकी है। मगर अब इंडिया टीवी-सीएनएक्स सर्वे में सामने आये नये निष्कर्ष कह रहे हैं कि पहले तो मध्यप्रदेश में भाजपा पीछे थी वहीं अब कल यानि 3 नवंबर को आए ओपीनियन पोल में मप्र भाजपा 119 सीटों के साथ सरकार बना सकती है। जबकि मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के 107 सीटों पर सिमटने का अनुमान है। योजनाओं व सीएम फेस के मामले में भी भाजपा सरकार व शिवराज बाजी मार रहे हैं। गौरतलब है कि सभी पार्टियों के टिकट पहले ही बंट चुके हैं। बड़े-बड़े नेताओं ने पर्चे दाखिल कर दिए हैं, जो गुटबाज़ी होनी थी वो हो गई। हर सीट पर कैंडिडेट की स्थिति साफ हो चुकी है। इंडिया टीवी-सीएनएक्स के ओपिनियन पोल के अनुसार मप्र में अन्य दलों के खाते में 4 सीटें जा सकती हैं। कहते हैं, बघेलखंड और बुंदेलखंड क्षेत्र में संयुक्त रूप से विधानसभा की 51 सीटें आती हैं। ओपिनियन पोल के मुताबिक इस क्षेत्र की कुल 51 सीटों में से 29 सीटें बीजेपी को मिल सकती हैं, वहीं कांग्रेस को 21 और अन्य के खाते में एक सीट जाने का अनुमान है।



### निमाड़ में कांग्रेस आगे मालवा में भाजपा को बढ़त

निमाड़ क्षेत्र से मध्यप्रदेश विधानसभा की 28 सीटें आती हैं। रतलाम, देवास, खरगौन, खंडवा और बैतूल का इलाका निमाड़ का हिस्सा है। इंडिया टीवी-सीएनएक्स ओपिनियन पोल के मुताबिक बीजेपी को 28 में से 12 सीटें मिलने का अनुमान है जबकि कांग्रेस के खाते में 15 सीटें जा सकती हैं। वहीं अन्य को एक सीट मिलने का अनुमान है। मालवा क्षेत्र में विधानसभा की 46 सीटें आती हैं। उज्जैन, इंदौर, मंदसौर और धार मालवा रीज़न में पड़ते हैं। इंडिया टीवी-सीएनएक्स ओपिनियन पोल के मुताबिक मालवा क्षेत्र में बीजेपी आगे दिख रही है। बीजेपी को मालवा क्षेत्र की 46 में से 28 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं कांग्रेस को 18 सीटें मिल सकती है जबकि अन्य का खाता भी नहीं खुलने का अनुमान है। महाकौशल क्षेत्र में कुल मिलाकर 47 विधानसभा सीटें हैं। इंडिया टीवी-सीएनक्स ओपिनियन पोल के मुताबिक 47 सीटों में से 26 सीटें कांग्रेस के पक्ष में जाने का अनुमान है। वहीं बीजेपी के खाते में 19 सीटें जाने की संभावना है। अन्य को दो सीटें मिल सकती हैं।

### चंबल में भाजपा की राह आसान नहीं, भोपाल में आगे

ग्वालियर चंबल में विधानसभा की 34 सीटें हैं। इंडिया टीवी-सीएनएक्स ओपिनियन पोल के मुताबिक 34 सीटों में कांग्रेस को 19 सीटें मिल सकती हैं जबकि बीजेपी को कुल 15 सीटें मिल सकती हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 34 सीटों में से 26 सीटें जीती थी। भोपाल संभाग विदिशा और राजगढ़ को मिलाकर 24 सीटें हैं। इनमें बीजेपी को 16 सीटें मिलने का अनुमान है जबकि कांग्रेस के खाते में 8 सीटें जाने का अनुमान है। सर्वे में विधानसभा की कुल 230 सीटों में से 132 विधानसभा क्षेत्रों में 14,520 लोगों से सवाल पूछे गये. इनमें 7,490 पुरुष और 7,030 महिलाएं थीं. सर्वे में समाज के सभी वर्गों और जातियों के 18 से 60 साल उम्र के वोटरों की राय ली गई।

### कुछ खास निष्कर्ष भी सामने आए

**मोदी-शिवराज के चेहरे पर वोट:** 52.39 प्रतिशत वोटर्स ने कहा कि वे नरेंद्र मोदी के चेहरे पर वोट देंगे, जबकि 42.06 प्रतिशत ने कहा कि वे शिवराज सिंह चौहान के चेहरे पर वोट देंगे. ये सवाल केवल भाजपा समर्थक वोटरों से पूछा गया था। 48.77 प्रतिशत वोटरों ने कहा कि भाजपा ने प्रत्याशी चयन में बुद्धिमत्ता दिखाई, जबकि 39.52 प्रतिशत ने कांग्रेस का समर्थन किया। 35.06 प्रतिशत वोटरों ने कहा कि उन्हें कांग्रेस में राहुल गांधी का चुनाव प्रचार अच्छा लगा, 34.85 प्रतिशत ने कमल नाथ का नाम लिया, जबकि 13.5 प्रतिशत ने प्रियंका गांधी का नाम लिया।

**भाजपा की योजनाओं की तारीफ:** 47.01 प्रतिशत वोटरों ने भाजपा की कल्याणकारी योजनाएं ( गारंटी ) को अच्छा बताया, जबकि 40.66 प्रतिशत ने कांग्रेस की गारंटियों को बेहतर बताया। 46.99 प्रतिशत वोटरों ने कांग्रेस के जातिवार जनगणना के वादे को महज चुनावी हथकंडा बताया, जबकि 42.18 प्रतिशत ने इसे एक ईमानदार पहल बताया। 30.71 प्रतिशत वोटरों ने कहा कि अगर राम मंदिर बनता है, तो वे रामलला के दर्शन के लिये तुरंत अयोध्या जाएंगे। सीएम पद के लिए 42.5 प्रतिशत वोटरों ने शिवराज सिंह चौहान को, और 39.61 प्रतिशत ने कमल नाथ को पसंद किया. 11.47 प्रतिशत ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को पसंद किया।

**दोनों तरफ से झोंकी गई ताकत**

## आज भाजपा का डबल अटैक, कांग्रेस चीफ खड़गे मैदान में

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** आज मप्र के चुनाव प्रचार में भाजपा की तरफ से डबल अटैक का दिन है,क्योंकि पीएम नरेंद्र मोदी रतलाम में और गृहमंत्री अमित शाह ग्वालियर, शिवपुरी व श्योपुर में प्रचार के लिये उतरे हैं, उधर कांग्रेस के लिये आज राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मप्र के बालाघाट के कटंगी व डिंडौरी जिले के शहपुरा में सभा ले रहे हैं,कमलनाथ भी उनके साथ हैं। दोनों ने मध्यप्रदेश के लिए कांग्रेस की गारंटी का फिर उल्लेख किया । राहुल व प्रियंका गांधी के भी कई सघन दौरे होने वाले हैं।

**चंबल में कैंप करेंगे शाह:** आज रायपुर में सभा के बाद मोदी दोपहर में रतलाम में सभा करेंगे वहीं अमित शाह नाजुक माने जा रहे ग्वालियर चंबल में ताकत झोंक रहे हैं। पिछली बार कांग्रेस को यहां जमकर बढत मिली थी।इसीलिये शाह यहां डेरा डाल रहे हैं। वे भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में 4 जनसभाओं एवं 2 रोड शो कर रहे हैं सबसे पहले करैरा पहुंचकर उन्होंने प्रचार शुरू किया है। शाह शाम 7.30 बजे इंटक ग्राउंड हजीरा, ग्वालियर में सभा करेंगे तथा रात्रि विश्राम भी करेंगे।

## पाक एयरबेस पर आतंकी हमला

**इस्लामाबाद एजेंसी।** पाकिस्तान में एक बार फिर आतंकियों ने पाकिस्तान के वायुसेना के बेस पर हमला कर दिया। आत्मघाती हमलावरों सहित भारी हथियारों से लैस 6 आतंकी पंजाब के मियांवाली स्थित पाकिस्तान वायु सेना के अड्डे में घुस गए हैं तथा दोनों तरफ से जबरदस्त फायरिंग हो रही है। एयरबेस के अंदर आग की भारी लपटें नजर आ रही हैं। शुरूआती भिडंत में एक हमलावर मारा गया है। तहरीक-ए-जिहाद नाम के संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। वहीं पाकिस्तानी सेना ने इस हमले को लेकर बयान में कहा है, मियांवाली ट्रेनिंग एयर बेस पर असफल आतंकवादी हमले को कोशिश की गई।

## नेपाल के भूकंप के झटके दिल्ली से ग्वालियर तक

**नई दिल्ली।** देर रात नेपाल में भीषण भूकंप की वजह से अब तक 154 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि सैकड़ों लोग घायल हैं। भूकंप के तीव्र झटके की वजह से नेपाल में कई मकान जमींदोज हो गए। सड़कों में दरारें आ गईं। भूकंप का केंद्र जाजरकोट के रमीडांडा में था इसलिए इस इलाके में ही सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है मगर भारत में झटके दिल्ली और नेपाल के पड़ोसी राज्य बिहार से लेकर लखनऊ और ग्वालियर तक महसूस हुए।

## सत्ता के लिए सट्टाः स्मृति का आरोप

**नई दिल्ली एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस और भूपेश बघेल के खिलाफ सवाल उठाए हैं। उन्होंने आज सुबह दिल्ली बीजेपी हेडक्वाटर्स में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और सीएम भूपेश बघेल पर रिश्वत लेने के आरोप लगाए। ईरानी ने कहा कि, सत्ता में रहते हुए सट्टा कारोबार में रहना छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हकीकत है क्योंकि भगेल के खिलाफ कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। इसमें असीम दास नाम के शख्स से 5.30 करोड़ की वसूली की गई है। ईरानी ने कहा कि



' मैं पूछना चाहती हूं कि क्या यह सच है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेताओं को असीम दास से शुभम सोनी के माध्यम से पैसा मिला है और सोनी के माध्यम से असीम को रायपुर जाने और चुनावी फंड भूपेश भगेल को देने के लिए वॉयस मैसेज भेजा गया था?'



# बीना–झांसी के बीच चार घंटे बाधित रहा ट्रैक, हजारों यात्री परेशान हुए

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

बीना से झांसी के बीच एक रेलवे ट्रैक चार घंटे तक प्रभावित रहा। इसके कारण भोपाल रेल मंडल के विदिशा, भोपाल, निशातपुरा, रानी कमलापति, मिसरोद, इटारसी, नर्मदापुरम समेत अन्य स्टेशनों पर हजारों यात्रियों को परेशान होना पड़ा। यह स्थिति एक स्पेशल ट्रेन के इंजन में लगे पेंटो के टूटने के कारण हुई। जिसके चलते दिल्ली की ओर से भोपाल की ओर आने वाली ट्रेनों को जगह–जगह रोकना पड़ा। करीब चार घंटे तक यह स्थिति रही, जिसके कारण कई ट्रेनें तो 10 घंटे की देरी से भोपाल पहुंची थी। उक्त घटना शुक्रवार तड़के की है।



## स्पेशल ट्रेन को पेंटो टूटने के कारण बनी थी स्थिति

ये ट्रेनें देरी से पहुंची थी ट्रेन कितने घंटे लेट (घंटों में)

- 12533 पुष्पक एक्सप्रेस पांच घंटे
- 12156 भोपाल एक्सप्रेस 4.30
- 04121 सिकंदराबाद स्पेशल एक्सप्रेस 9.28
- 22692 राजधानी एक्सप्रेस 6.31
- 12920 मालवा एक्सप्रेस 5.48
- 20806 आंध्र एक्सप्रेस 4.57
- 12715 सचखंड एक्सप्रेस 4.45
- 12626 केरला एक्सप्रेस 4.31
- 12622 तमिलनाडु एक्सप्रेस 4.41
- 12628 कर्नाटका एक्सप्रेस 4.09
- 11058 अमृतसर एक्सप्रेस 3.46
- 22456 शिर्डी एक्सप्रेस 3.11
- 15029 पुणे वीकली एक्सप्रेस 2.59
- 22710 नांदे वीकली एक्सप्रेस 2.44

### बाघों के साथ आपसी संघर्ष में हुआ है घायल, वन विहार में चल रहा है बांधवगढ़ के घायल बाघ का इलाज

# बाघ के पैर की हड्डी टूटी, जुड़ जाए यह मुश्किल क्योंकि इंसानों की तरह ध्यान रखना संभव नहीं



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जिस बाघ की आपसी लड़ाई में हड्डी टूटी है, वन विहार नेशनल पार्क में उसका जुड़ पाना मुश्किल है। वह बार–बार पैर को हिला रहा है, जिसके कारण हड्डी को फिक्स होने में दिक्कत आ सकती है। हालांकि पशु चिकित्सकों द्वारा इसके विकल्प खोजे जा रहे हैं। तब भी बाघ का इंसानों की तरह ध्यान रखना संभव नहीं है।

बाघ को घायल हुए दो सप्ताह का समय हो चुका है। एक हफ्ते बाद उसे वन कर्मियों ने देखा था। तब जाकर इलाज शुरू हुआ लेकिन बांधवगढ़ में बाघ का पैर ठीक नहीं हो पा रहा था जिसके चलते उसे शुक्रवार वन विहार नेशनल पार्क में शिफ्ट किया है। यह वन्यप्राणी विशेषज्ञों का एक दल प्रयास कर रहे हैं कि किसी तरह उसके पैर की हड्डी जुड़ जाए।

वह बांधवगढ टाईगर रिजर्व के परिक्षेत्र पनपथा बफर के सरईहाहर नामक स्थान घायल हुआ था। यहां पहले से ही अन्य बाघों का मूवमेंट था। इसी बीच हाथियों का झुंड आ गया। जिसके कारण बाघों को अपना क्षेत्र छोड़ना पड़ा और इस तरह दोनों बाघ आपस में टकरा गए। उनके बीच आपसी संघर्ष हुआ था।

## मिठी के स्टूडेंट्स का अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में चयन



हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

15वीं राष्ट्रीय स्तरीय चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन बी.एस.एस. कॉलेज, भोपाल में हुआ, मिठी गोबिंदराम स्कूल के कोच दीवान आहूजा के मार्गदर्शन में विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए नामांकित हुए हैं। जिनेम जैन ने स्वर्ण पदक तथा कार्तिक चेतवानी, हार्दिक आसवानी, आर्जव जैन, अर्नव जैन एवं नमित शर्मा ने रजत पदक एवं निहाल सिंह, शिवांश सिंह ने कांस्य पदक प्राप्त किए। संस्था उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव ए.सी. साधवानी, सह-सचिव के.एल. रामनानी, वरिष्ठ सदस्य घनश्याम बूलचंदानी, अकादमिक डारेक्टर गोपाल गिरधानी, प्रशासनिक अधिकारी भगवानदास बाबानी, विद्यालय प्राचार्य अजय बहादुर सिंह, उप-प्राचार्या श्रीमती आशा चंगलानी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बधाई दी है।

# पंकज पाठक की पुस्तक मदनमोहन जोशी की पत्रकारिता का सौंदर्यशास्त्र विमोचित

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय माखनपुरम में वरिष्ठ पत्रकार, कवि एवं लेखक पंकज पाठक की पुस्तक मदनमोहन जोशी की पत्रकारिता का सौंदर्यशास्त्र का विमोचन कुलपति प्रो. केजी. सुरेश, वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव, प्रो. शिवकुमार विवेक एवं जोशी की पत्नी आशा जोशी ने किया। इस मौके पर श्रीवास्तव ने कहा कि जोशीजी की पत्रकारिता तन से, मन से एवं लेखन से बहुत ही सुंदर थी। उन्होंने पत्रकारिता के विद्यार्थियों से कहा कि पत्रकारिता करने के लिए उन्हें भाषा पर विशेष जोर देना चाहिए। प्रो.



सुरेश ने कहा कि आज के पीढ़ी को इतिहास बोध हो इसलिए हम पुस्तकों का प्रकाशन करते हैं। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का आयोजन प्रकाशन विभाग द्वारा, रोजगार सृजन केंद्र कार्यक्रम का आयोजन प्लेसमेंट एवं एंटरप्रेन्योरशिप सेल द्वारा किया गया। पाठक ने कहा कि यह पुस्तक पत्रकारिता के छात्रों और शोधार्थियों के लिए बहुमूल्य होगी। कार्यक्रम में पद्मश्री विभूषित ध्रुपद गायक उमाकांत गुंदेचा, अंतराष्ट्रीय ख्याति के पखावज वादक अखिलेश गुंदेचा, प्रख्यात लेखक और सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव मनोज श्रीवास्तव, अंतराष्ट्रीय हिंदी सेवी डॉ. जवाहर कर्नावट, पूर्व पुलिस महानिदेशक मैथिलीशरण गुप्त, और विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की संगठक रचना दीदी और वरिष्ठ पत्रकार एनके सिंह सहित विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अविनाश वाजपेयी, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### अतिथि शिक्षक सुसाइड मामला

# 15 दिनों से प्राचार्य गायब, अब पुलिस करेगी ईनाम घोषित

## संकुल में बिगड़ी व्यवस्था, अब स्कूल का प्रभार किसी ओर को सौंपेगे

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

भोपाल जिले के ग्राम हर्राखेड़ा स्थित शासकीय अरविंद भार्गव हायर सेकंडरी स्कूल के अतिथि शिक्षक सुसाइड मामले में आरोपी स्कूल प्राचार्य श्रीप्रकाश विजयवर्गीय करीब 15 दिनों से गायब है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है और उसके घर पर लगातार दबिश दे रही है, लेकिन वह पकड़ में नही आ रहा है। जिसके बाद अब आरोपी प्राचार्य पर ईनाम घोषित करने की तैयारी है। गुनगा थाना प्रभारी अरूण शर्मा ने बताया कि प्राचार्य के साकेत नगर स्थित निवास पर पुलिस टीम ने दबिश दी थी, लेकिन वह नहीं मिला। वह परिवार समेत गायब है। हम उसके ऊपर ईनाम घोषित किए जाने की तैयारी कर रहे हैं। इसको लेकर प्रस्ताव भेजा है।

## कागजों में प्राचार्य मेडिकल लीव पर

वहीं प्राचार्य द्वारा इस तरह गायब होने पर संकुल की व्यस्था गड़बड़ाने लगी है। ऐसे में स्कूल शिक्षा विभाग किसी अन्य व्यक्ति को स्कूल का प्रभार सौंपने की तैयारी कर रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्राचार्य मेडिकल लीव पर है। अब स्कूल का प्रभार किसी अन्य व्यक्ति को दिया जाएगा, ताकि संकुल की व्यवस्थाएं प्रभावित न हों।

## अतिथि शिक्षक को इनता परेशान किया कि कर लिया सुसाइड

सुसाइड नोट में लिखा था कि प्रिंसिपल श्रीप्रकाश विजयवर्गीय उसके स्थान पर

जानकारी के मुताबिक मूलतः अशोक नगर निवासी आकाश यादव पिता गोपाल यादव (23) यहां ग्राम हर्राखेड़ा स्थित शासकीय अरविंद भार्गव हायर सेकेंडरी स्कूल में बतौर अतिथि शिक्षक नौकरी कर रहे थे। पंद्रह दिन पहले आकाश ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया था। आकाश के पास मिले अपने साले को रखना चाहते हैं। अतिथि शिक्षक छगनलाल शाह और नरेंद्र दुबे, प्रिंसिपल के साथ मिलकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। मामले में गुनगा थाना पुलिस ने प्राचार्य समेत तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया था।

# पोलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम पर व्याख्यान



**हिरदाराम नगर।** साधु वासवानी (स्वशासी) महाविद्यालय में हेल्थ एण्ड हाईजीन कमेटी के तत्वावधान में महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में पोलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ शिल्पा डोडानी ने आज की बदलती जीवन शैली, खान-पान एवं उसका स्वास्थ्य पर पड़ते प्रभाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं में होने वाले विभिन्न परिवर्तन एवं होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। ल?कियों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने एवं प्रचुर मात्रा में प्रोटीन्स लेने की सलाह दी। अपनी दिनचर्या में व्यायाम, योग एवं पैदल भ्रमण के फायदे बताए, जिसमें वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे और छोटी-मोटी बिमारियों से अपना बचाव कर सकें।

# फूड ग्रुप अल्टीमेट फूडीज से देश दुनिया से जुड़े 63000 फूडीज

**भोपाल।** द अल्टीमेट फूडीज ग्रुप ने 63,000 मेंबर्स पूरा होने के अवसर पर होटल सयाजी में केक कट कर सेलिब्रेट किया गया। भोपाल के एनआरआई फूडीज ग्रुप मेंबर्स ने भी लंदन मे मिलकर पार्टी करते हुए इसे सेलिब्रेट किया। गौरतलब है की द अल्टीमेट फूडीज भोपाल के साथ मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा फूड ग्रुप है, जिससे भोपाल के साथ देश और दुनिया से 63 के फूडीज जुड़े है।



ग्रुप फाउंडर आबिद फारूकी ने बताया की ग्रुप मे भोपाल और मध्य प्रदेश के साथ देश दुनिया से भी बड़ी तादाद मे तड़रीबन 12,000 एनआरआई जुड़ गए है। जिसमे ब्रिटैन, अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, सिंगापुर, हांगकांग, नीदरलैंड, जापान, चीन, रूस, इटली, इजराइल दुबई, मलेशिया, सऊदी अरब समेत अन्य देशो मे रहकर भी फूडीज भोपाली जायकों और फ़ूड कल्चर से जुड़े हुए है। इसके साथ ही भोपाल शहर के सभी छोटे और बड़े रेस्टोरेंट्स, फ़ूड आउटलेट्स, क्लाउड किचन,मास्टर शेफ और फ़ूड आर्टिस्ट शामिल है। आबिद ने बताया उन्हें भोपाल से गहरा लगाव है, और वो खाने पीने के बेहद शौकीन है जिसके चलते ही उन्होंने इस ग्रुप की शुरुवात की ताकि भोपाली फ़ूड कल्चर को देश और दुनिया से जोड़ सके। ग्रुप पर देश और विदेश से स्वादिष्ट पकवान के जायकों की डिशेस, रेसिपीज के साथ रेस्टोरेंट्स रिव्यु शेयर किये जाते है। इसके साथ ही भोपाल मे पोटलक इवेंट, 50त्न फूडी धमाका डिस्काउंट ऑफर्स के साथ अन्य त्यावहरिक इवेंट का समय समय पर आयोजन किया जाता है जिसे सभी ग्रुप मेंबर्स मिलकर आपस मे सेलिब्रेट करते है।

### मेट्रो एंकर

### अमन, चैन खुशहाली के लिए पल्लव किया सिंधी समाज ने

# संतनगर में भगत कंवरराम का बरसी महोत्सव मना

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

अमर शहीद संत कंवर राम साहब का 84वां बरसी महोत्सव मनाया गया। वन ट्री हिल स्थित संत कंवर राम साहब के झूली दरबार में तीर्थधाम नागपुर से भगत सुनील चावला ने भगत कंवर राम साहब के जीवन पर आधारित अपनी विशेष प्रस्तुतियां दीं।

रमेश मोतीराम और झूलेलाल पार्टी द्वारा सिंधी गीत संगीत के साथ ही देश की खुशहाली अमन चैन के लिए पल्लव और प्रार्थना भी की गई। यहां बहराना साहब की ज्योत भी जलाई गई और अच्छा साहब भी समर्पित किए गए। झूली दरबार में सुबह 10.00 बजे हवन साहिब, दोपहर 03.30 बजे- पूज्य पाठ साहिब, पूज्य श्री अखंड धुनी साहिब, शाम 04.00 बजे- माला अर्पण (संत कंवराम चौराहा, बैरागढ़), शाम 04.30 बजे भगवान श्री झूलेलाल जी का बहराणा साहिब, रात्रि 08.00 बजे से- नित–नेम भक्ति भाव के साथ ही रात्रि में भक्तों के लिए भंडारा साहिब का आयोजन किया गया।

रात्रि ठीक 10.00 बजे 2 मिनिट का मौन धरण कर संत कंवर राम साहब को भावपूर्ण श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। आयोजित कार्यक्रमों के दौरान भगत कंवर राम साहब के गए हुए विभिन्न गीतों के साथ ही उनका प्रसिद्ध कलाम (कोसा कुहर खणी हल्यो..भाग खुलिया साईं कंवरराम जा) की भी शानदार प्रस्तुति दी गई।



### राष्ट्रीय नेताओं ने संभागों में संभाली कमानः हमले तेज, दावों की भरमार

# चुनाव के प्रचार में घुल रही हैं तल्खियां, आरोपों की भरमार






**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**मप्र में चुनाव का शोर तेज हो चला है, खास बात यह कि कल से मैदान में कांग्रेस भाजपा और सपा जैसे दलों के राष्ट्रीय नेताओं ने दौरे तेज कर दिये हैं। इनकी सभाओं में घोटाले, उपलब्धि से लेकर व्यक्तिगत हमलों का भी खूब इस्तेमाल हो रहा है। दोनों दलों के नेता जहां मैदान में सक्रिय हैं वहीं पार्टी मुख्यालयों पर प्रवक्ता व अन्य नेता जमकर एकदूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। उधर निमाड़ में कांग्रेस नेता अरूण यादव ने दावा किया कि आने वाले दिनों में कांग्रेस की सरकार निमाड़ से मिले जोरदार समर्थन से ही बनेगी। वहीं भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दावा किया कि उन्होंने जनहित में सरकार गिराकर विकास के दरवाजे खोले।**

## नड्डा ने विध्य, प्रसाद ने महाकोशल संभाला

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि रीवा में सभा ली व कहा कि जहां भी कांग्रेस की सरकारें रही हैं, उन्होंने आपस में लड़ने, बहानेबाजी करने और घोटाले करने के सिवाय कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कमलनाथ 15 महीनों की सरकार में मुख्यमंत्री रहे, उनके रिश्तेदारों के करोड़ों रुपए के घोटाले पकड़े गए या नहींड़ मतलब साफ है, जहां कमल खिलता है, वहां विकास होता है। जहां कांग्रेस आती है वहां घोटाला होता है। सिरमौर के भाजपा प्रत्याशी दिव्यराज सिंह केसमर्थन में सभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि ये जीत-हार का नहीं, आपके हितों काचुनावहै। आपको अपने वोट का फैसला इस आधार पर करना है कि पांच सालों तक कौन सा व्यक्ति और कौन सी पार्टी आपके हितों की रक्षा और विकास कर सकते हैं। सभी क भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्म ने भी संबोधित किया। वहीं वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने भोपाल में कहा कि कांग्रेस के समय मध्यप्रदेश बीमारू था, आज ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर, भोपाल सहित पुरे मध्यप्रदेश में बदलाव हुआ है। उद्यमशीलता, आईटी, इंफ्रास्ट्रकर सहित हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास हुआ है। प्रसाद ने कहा कि मैं छिंदवाडा प्रवास पर गया था, वहां मैंने देखा कमलनाथ बहुत कठिनाई में है। अगर वे हार जाए तो आश्चर्य नहीं होगा।

## सिंधिया बोले, तिजोरी तुम्हारी है...

गुना शिवपुरी में सिंधिया ने कहा कि 03 के मुकाबले अब काफी विकास हो चुका है। पिछले 20 सालों में मख़मली सड़कें बन गई। 2003 में केवल 44000 किलोमीटर की सड़के थी आज 5 लाख किलोमिटर से अधिक सड़कें बन चुकी है। 2003 से पहले 2-3 घंटे भी बिजली नहीं आती हैं और आज पूरे प्रदेश के हर गांव हर शहर में हमेशा बिजली रहती है। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रस की सरकार कहती थी कि तिजोरी खाली है और अब भजापा सरकार कहती है कि बहनों तिजोरी तुम्हारी है।



## निमाड़ से बनेगी कांग्रेस की सरकार

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक अरूण यादव ने कहा कि मप्र में होने जा रहे विधानसभा के यह चुनाव देश का भी भविष्य तय करेंगें। निमाड़वासियों के आशीर्वाद से कांग्रेस पार्टी की यहॉ पर सभी सीटों पर जीत होगी तथा निमाड़ की बदौलत मप्र में कमलनाथ के नेतृत्व में फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा के चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित है। यादव ने पानसेमल की कांग्रेस प्रत्याशी चन्द्रभागा पलसूद और निवाली तथा सेंधवा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी मोन्टू सोलंकी के बलवाड़ी, गेरूघाटी और धवली में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया व जनसभाओं को किया। यादव ने कहा कि कांग्रेस के वचन पत्र को लेकर कार्यकर्ता चुनाव लड़ें और जीतें ।

## नाथ बोले 22 हजार घोषणा और सैकड़ों घोटाले

कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कल मंदसौर नीमच में सभा में कहा 17 तारीख को होने वाला चुनाव हमारे मध्य प्रदेश के भविष्य का चुनाव है, इस चुनाव में तय करेंगे कि आप आगे आने वाली पीढ़ी को किस तरह का प्रदेश सौपना चाहते हैं। मैंनें अपने जीवन में कई चुनाव जीते हैं और लड़े हैं, लेकिन प्रदेश के भविष्य के लिए कोई चुनाव हो रहा हो ये मैं पहली बार देख रहा हूं। 18 साल में शिवराज सिंह चौहान की सरकार में केवल घोटालों का ही विकास हुआ प्रदेश का नहीं। आज प्रदेश का प्रत्येक नागरिक भ्रष्टाचार का शिकार है और पीड़ित है। जो नौजवान खड़े यहां हुए हैं वह बेरोजगार हैं, किसान परेशान हैं। दूसरी तरफ भाजपा सरकार लगातार घोषणा कर रही है और 22 हजार में से कई अधूरी हैं। नाथ ने कहा कि कांग्रेस की सरकार नौजवानों को रोजगार, 100 यूनिट बिजली मुफ्त, किसानों को पांच हार्स पावर बिजली फी देने का काम करेंगे और 2600 रुपए गेहूं, 2500 धान के लिए समर्थन मूल्य देंगे। मंदसौर में किसान आंदोलन के समय पर हुए मुकदमे वापिस लेने का काम हमारी सरकार करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज मंदसौर में भगवान पशुपतिनाथ की पावन भूमि मालवा को प्रणाम करते हुये कांग्रेस की विशाल जनसभा को संबोधित करते हुये उक्त बातें कहीं।



भोपाल के दक्षिण पश्चिम में भाजपा के भगवानदास सबनानी का जनसंपर्क।



भोपाल के गोविंदपुरा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार रवि साहू।

### चुनाव और आयोग...
### 2013 में पहली बार इस्तेमाल हुआ 'नोटा'

## साल 2018 में तेंदूखेड़ा में सबसे कम 9 वोट मिले थे नोटा को

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भारत निर्वाचन आयोग ने साल 2013 में मतपत्र में पहली बार 'इनमें से कोई नहीं' नोटा को मध्यप्रदेश सहित पांच राज्य में हुए आम चुनाम में शामिल किया था। आयोग के निर्देशानुसार नोटा के विकल्प के अंतर्गत प्राप्त मतों की गणना अवैध मतों के रूप में की गई थी। मध्यप्रदेश में वर्ष 2013 में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के दौरान 6 लाख 43 हजार 144 मतदाताओं ने ईवीएम और डाक मतपत्र में नोटा यानी 'इनमें से कोई नहीं' का इस्तेमाल किया था। इनमें भारत निर्वाचन आयोग ने साल 2013 में मतपत्र में पहली बार 'इनमें से कोई नहीं' नोटा को मध्यप्रदेश सहित पांच राज्य में हुए आम चुनाव में शामिल किया था। आयोग के निर्देशानुसार नोटा के विकल्प के अंतर्गत प्राप्त मतों की गणना अवैध मतों के रूप में की गई थी।

चुनाव आयोग के कामकाज के जानकार प्रलय श्रीवास्तव के मुताबिक मप्र में वर्ष 2013 में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के दौरान 6 लाख 43 हजार 144 मतदाताओं ने ईवीएम और डाक मतपत्र में नोटा यानी 'इनमें से कोई नहीं', का इस्तेमाल किया था। इनमें डाक मतपत्र में 2633 तथा ईवीएम पर 6 लाख 40 हजार 511 नोटा का उपयोग हुआ था। मतदाताओं द्वारा नोटा सबसे अधिक उपयोग छिंदवाड़ा जिले में हुआ था, जहां 7 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 39 हजार 235 नोटा के बटन दबाए गए। भिंड जिले में सबसे कम 3378 मतदाता ऐसे थे, जिन्होंने नोटा का उपयोग किया था। इनमें मेहगांव में मात्र 245 वोट नोटा को दिये गये थे। पांच साल पहले 2018 में पन्द्रहवीं विधानसभा के लिए हुए निर्वाचन में कुल वैध मत 3 करोड़ 81 लाख 37 हजार 528 में से 5 लाख 40 हजार 673 वोट नोटा को प्राप्त हुए थे। यह कुल वैध मतों का 1.42 प्रतिशत है। पिछले विस चुनाव में सबसे अधिक बैतूल जिले के 133-भैंसदेही (अजजा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में नोटा का इस्तेमाल मतदाताओं ने किया था। तब यहां 7948 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया था। इसी प्रकार सबसे कम मात्र 9 वोट नरसिंहपुर जिले के 120 - तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने दिये थे। हालांकि नोटा के प्रचार-प्रसार की मनाही है, लेकिन मप्र की 230 में से ऐसी कोई भी

## निर्वाचन आयोग से अभिभावकों और कांग्रेस ने की स्कूल प्राचार्य की शिकायत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** अभिभावकों और कांग्रेस ने राजधानी के फतेहगढ़ स्थित हमीदिया कन्या उच्चतर मा. विद्यालय क्रमांक 1 की प्राचार्य विमला शाह की शिकायत निर्वाचन आयोग से की है। इस शिकायत में प्राचार्य विमला शाह पर राजनीतिक दल में शामिल होने और भ्रष्टाचार में लिप्त होने के आरोप लगाए गए हैं। अभिभावकों द्वारा कहा गया है कि यह स्कूल लगभग 100 वर्षो से भी ज्यादा समय से सुबह 8 बजे के समय से संचालित है। विद्यालय प्राचार्य विमला शाह द्वारा आस-पास के प्रायवेट स्कूल और मदरसों से पैसे लेकर इस विद्यालय की लड़कियों का एडमिशन कराया जाता है। स्कूल का फर्नीचर भी पैसे लेकर आस-पास के विद्यालयों को समय-समय पर दिया जाता है। 100 साल पुराना स्कूल बन्द होने की कगार पर पहुंचा दिया है। कार्यवाही न होने से प्राचार्य के हौसले बुलंद है।

**शासकीय पद पर रहते हुए भाजपा की सदस्य, कर रहीं चुनाव प्रचारः** दूसरी शिकायत कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं प्रभारी चुनाव आयोग कार्य जेपी धनोपिया द्वारा की गई है। जिसमें कहा है कि प्रदेश में विधान सभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता प्रभावशील कर दी गई है। कांग्रेस ने आरोप लगाए हैं कि प्राचार्य विमला शाह के पूर्व से ही कई भ्रष्टाचारों में लिप्त होने के प्रकरण है। विमला शाह शासकीय पद पर रहते हुए भाजपा की सदस्य है और चुनाव प्रचार का कार्य कर रही है, इसलिए उनका अन्य जिले में स्थानांतरण कराया जाए। उनके विरूद्ध प्रशासनिक कार्यवाही की जाए, जिससे कि विधानसभा के चुनाव का मतदान स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हो सके।

## विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में रवींद्र भवन में चुनाव को लेकर एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 'सजग रहो तुम' चुनाव आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ब्रीफ किया तथा चुनाव ड्यूटी सजगता और संवेदनशीलता के साथ करने की नसीहत दी। उन्होंने शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में नगर रक्षा समितियों का सहयोग लेने की बात कही। इस प्रशिक्षण शिविर में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा केंद्र सशस्त्र बल के जवान भी मौजूद थे।

## मप्र विधानसभा चुनावः मतदान से 90 मिनट पहले होगा ईवीएम का मॉकपोल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में इस माह 17 तारीख को मतदान होने वाला है। प्रदेश में सुबह 7 से लेकर शाम 6 बजे तक मतदान होगा। इसके शुरू होने के 90 मिनट पहले मॉकपोल की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मतदान दलों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। बता दें न्यूनतम 50 वोट से मॉकपोल किये जाने का प्रावधान है, जिसमें नोटा भी शामिल होगा। मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पहले बैलेट यूनिट एवं वीवीपीएटी को वीवीपीएटी कम्पार्टमेंट में रखा जाएगा। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी की टेबल या मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा। बालाघाट जिले के तीन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बैहर, लांजी और परसवाड़ा के सभी मतदान केंद्र, मंडला जिले के बिछिया सीट के 47 मतदान केंद्रों पर, मंडला विधानसभा क्षेत्र के तहत 8 मतदान केंद्रों तथा डिंडोरी जिले के विधानसभा क्षेत्र डिण्डोरी के 40 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जिलों के कुछ क्षेत्रों में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी 9 सीटों पर चुनाव मैदान में

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी 9 विधान सभा क्षेत्रों में चुनाव मैदान में हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मध्य प्रदेश राज्य सचिव कॉमरेड अरविन्द श्रीवास्तव और राज्य सह सचिव कॉमरेड शैलेन्द्र शैली ने यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि निम्नानुसार 9 विधान सभा क्षेत्रों में भाकपा प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं इनमें 015 ग्वालियर/कौशल किशोर शर्मा, 075 गुढ़/लालमणि त्रिपाठी, 076 चुरहट/आनन्द पाण्डे, 080 सिंगरौली/महेश प्रताप सिंह, 081 देवसर/शिवकली साकेत, 091 बड़वारा/सुरेश कौल, 108 बैहर/अशोक मसीह, 151 नरेला/अमीनुल हक सिद्दीकी, 188 राजपुर/सुखलाल गोरे।

**मेट्रो एंकर**

### 6 नवंबर से होगा प्रशिक्षण, सभी कर्मचारियों को दी सूचना

# नौ हजार कर्मचारी सीखेंगे कैसे कराए मतदान, उसके बाद की प्रक्रिया क्या होगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**जिले के नौ हजार कर्मचारी छह नवंबर से मतदान कैसे कराए और उसके बाद की प्रक्रिया क्या होगी, यह सीखेंगे। इन कर्मचारियों को विशेष तौर पर प्रशिक्षित किया जाएगा। यह दूसरे चरण का प्रशिक्षण होगा। इन कर्मचारियों को पहले चरण के प्रशिक्षण में काफी कुछ मतदान प्रक्रिया बता दी गई है।**

निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि सोमवार से चुनाव ड्यूटी के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सुबह आठ से शाम सात बजे तक दो सत्रों में इन्हें प्रशिक्षित करेंगे। यह प्रशिक्षण सत्र मोतीलाल विज्ञान और महारानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय में आयोजित होगा। प्रत्येक सत्र में 900-900 कर्मचारियों को चुनाव से जुड़ी जानकारी देंगे। यह काम 105 मास्टर ट्रेनर्स करेंगे। इस विशेष प्रशिक्षण के लिए शुक्रवार को जिला पंचायत कार्यालय में कलेक्टर आशीष सिंह ने सभी मास्टर ट्रेनर्स के साथ बैठक ली। इस दौरान अतिरिक्त सीईओ डॉ. विनोद यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रविशंकर राय, सहायक नोडल अधिकारी संदीप श्रीवास्तव, डस. आरके शर्मा भी मौजूद थे।



### कर्मचारी डालेंगे मतपत्र

चुनाव में मतदान कराने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को प्रशिक्षण के दौरान ही डाक मतपत्र डालने की व्यवस्था की जाएगी। इस बार कर्मचारियों को उसी दिन डाक मतपत्र पेटी में डालना पड़ेंगे। पहले मतगणना के पहले तक डाक मतपत्र देने का नियम था, जिसमें बदलाव किया गया है।



**सुविचार**

''जीवन में ज्यादा रिश्ते ज़रूरी नहीं हैं.. पर जो रिश्ते हैं उनमें जीवन होना ज़रूरी है..''

-अज्ञात

## संपादकीय

# यह अलर्ट सभी के लिए है

इन दिनों देश के कुछ प्रमुख विपक्षी नेताओं का आईफोन कथित तौर पर हैक करने की गूंज है। यह मामला सियासी तौर पर कोई नया मोड देने के लिये उपयुक्त भले हो लेकिन तकनीकी तौर पर इसकी जांच बेहद जरूरी है। गौरतलब है कि फोन हैक करने के प्रयासों से जुड़ा अलर्ट मेसेज मिलने के बाद इन नेताओं ने आपत्ति दर्ज कराई है। जिस तरह का हंगामा मचा, वह अस्वाभाविक भी नहीं है। क्योंकि मैसेज में सरकार प्रायोजित हमलावरों का जिक्र था, इसलिए मामला ज्यादा गंभीर माना गया। जब भी किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार की ओर से विपक्षी नेताओं की निजता भंग करने का ऐसा मामला सामने आता है, तो स्वाभाविक ही सरकार से जवाब-तलब किया जाने लगता है। हालांकि फोन टेप करने के कई मामले भारत की सियासत में हंगामा मचा चुके हैं। कुछ समय पहले पैगासस के जरिये भी नेताओं के फोन टैप का मामला उभर चुका है। हालांकि यह साफ करना भी जरूरी है कि मौजूदा मामले में अभी बात सिर्फ संदेह की है। आईफोन पर ऐपल की ओर से भेजे गए ये मेसेज ऑटो जेनेरेटेड थे, जिनकी प्रामाणिकता को लेकर कंपनी भी आश्वस्त नहीं है। उसका कहना है कि इनमें से कुछ मेसेज फॉल्स अलार्म के भी हो सकते हैं। इसके बावजूद विपक्षी नेताओं की आशंकाएं निराधार नहीं कही जा सकतीं। उनका सवाल है कि अगर ये अलर्ट मेसेज फॉल्स अलार्म का हिस्सा हैं तो ऐसा कैसे हुआ कि सारे के सारे मैसेज विपक्षी दलों के नेताओं तथा कुछ सत्ता विरोधी माने जाने वाले पत्रकारों के ही फोन पर आए। दो साल पहले सामने आए पेगासस केस से जुड़ी यादों ने भी आशंकाओं को मजबूती देने का काम किया। हालांकि उस केस में सरकार के खिलाफ कुछ साबित नहीं हुआ है। ऐसे में जब विपक्षी नेताओं के फोन की हैकिंग का यह नया आरोप लगा तो उसे पूरी गंभीरता से लेने की जरूरत है। केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी बीजेपी के कुछ नेताओं ने इन आरोपों को लेकर जिस तरह से विपक्ष को ही घेरना शुरू किया, उसे जिम्मेदार और तर्कसंगत रवैया नहीं कहा जा सकता। यह सत्तारूढ़ पक्ष के लिए खास मददगार भी नहीं है। ध्यान रहे, यह कोई ऐसा मामला नहीं है जो विपक्षी दलों के इन नेताओं का निकाला हुआ हो। अलर्ट मेसेज एक फोन कंपनी की तरफ से आए, जिसे सार्वजनिक करके सरकार के संज्ञान में लाना उनका काम था। अच्छी बात इस मामले में यह रही कि सरकार इन आरोपों को पूरी गंभीरता से लेती दिख रही है। न केवल पूरे मामले की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए गए हैं बल्कि आईफोन कंपनी से भी जांच में शामिल होने को कहा गया है। कंपनी से सरकार के कुछ सवालों के जवाब भी मांगे हैं। सभी पक्षों के लिए जरूरी है कि निष्कर्ष निकालने की जल्दबाजी करने के बजाय मामले की बारीक और विश्वसनीय जांच सुनिश्चित करने में सहयोग करें। यह न केवल विपक्षी दलों के नेताओं की प्राइवेसी से जुड़ा मामला है बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के सुचारू संचालन को भी बाधित कर सकता है। इसलिए सियासी तौर पर इसे कोई नये मोड देकर छोड़ देने से बेहतर है कि इसे तर्कसंगत अंत तक ले जाया जाए।

## कविता

### रहे जीत ये जारी !



- कृष्णेन्द्र राय

गर्व की अनुभूति ।  
रहे जीत ये जारी ।।  
फिर भी आगे और बहुत ।  
है करनी तैयारी ।।  
मार रहे मैदान ।  
सिलसिला बढ़ाना ।।  
रहा निहार ऐसे ही ।  
नज़रों से ज़माना ।।  
लाई मेहनत रंग ।  
है हुआ सुधार ।।  
हो गई है बल्ले बल्ले ।  
दिन पर दिन निखार ।।  
झूम रहे प्रशंसक ।  
लेकर के आनंद ।।  
चेहरे पर मुस्कान भी ।  
रहती मंद मंद ।।

## आज का इतिहास

- 2008 में आज ही के दिन अफ्रीकी मूल के पहले बराक ओबामा अमेरिकी राष्ट्रपति बने थे।
- 2002 में 4 नवंबर के दिन ही चीन ने आसियान देशों के साथ मुक्त व्यापार क्षेत्र संधि पर साइन किए थे।
- 2000 में आज ही के दिन संयुक्त राष्ट्र संघ में परमाणु हथियारों पर प्रतिबंध लगाने व विखंडनीय पदार्थों के उत्पादन पर रोक संबंधी जापान का प्रस्ताव भारत के विरोध के बावजूद पारित हुआ था।
- 1984 में 4 नवंबर के दिन ही ओ बी अग्रवाल एमेच्योर स्नूकर के विश्व चैंपियन बने थे।
- 1954 में आज ही के दिन दार्जिलिंग में हिमालयन पर्वतारोहण की संस्थान की स्थापना की गई थी।
- 1924 में 4 नवंबर के दिन ही वायोमिंग की नेली टेलो रॉस संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रथम महिला गवर्नर चुनी गई थीं।
- 1911 में आज ही के दिन अफ्रीकी देश मोरक्को और कांगो को लेकर फ्रांस तथा जर्मनी के बीच समझौते पर साइन किए थे।
- 1856 में 4 नवंबर के दिन ही जेम्स बुकानन अमेरिका के 15वें राष्ट्रपति बने थे।
- 1822 में आज ही के दिन दिल्ली में जल आपूर्ति योजना का औपचारिक रूप से शुभारंभ हुआ था।
- 1876 में आज ही के दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी भाई परमानन्द का जन्म हुआ था।
- 1889 में 4 नवंबर के दिन ही स्वतंत्रता सेनानी जमनालाल का जन्म हुआ था।
- 1911 में आज ही के दिन साहित्यकार एवं स्वतंत्रता सेनानी सुदर्शन सिंह चक्र का जन्म हुआ था।
- 1925 में 4 नवंबर के दिन ही लेखक और फ़िल्मकर्मी ऋत्विक घटक का जन्म हुआ था।
- 1932 में आज ही के दिन प्रसिद्ध संगीतकार शंकर जयकिशन का जन्म हुआ था।

# आश्वासन-गारंटियों के बीच झूलता लोकतंत्र

**विश्वनाथ सचदेव**



आश्वासन और गारंटी में क्या अंतर होता है? भारतीय राजनीति के संदर्भ में इस प्रश्न का एक ही उत्तर है-जब कोई राजनेता कुछ करने का आश्वासन दे अथवा किसी काम की गारंटी दे तो इसका अर्थ है कि या तो वह आपको मूर्ख समझता है या मूर्ख बना रहा है। जनता को भरमाने के लिए आश्वासनों के ढेर तो अक्सर लगाए जाते रहे हैं और अक्सर देश की जनता ने इन आश्वासनों को 'चुनावी जुमला' मात्र पाया है, पर अब हमारे चतुर राजनेताओं ने एक नया शब्द काम में लेना शुरू किया है-गारंटी। अब नेता 'गारंटी' दे रहे हैं कि जनता यदि उन्हें सत्ता सौंपती है तो वे उसके जीवन में फलां-फलां बदलाव ला देंगे। हमारे प्रधानमंत्री तो इस गारंटी के पूरा होने की गारंटी भी देते हैं।

कानून की भाषा में गारंटी का सामान्य अर्थ तो यही है कि यदि गारंटी पूरी न हुई तो गारंटी देने वाला कुछ हर्जाना भरेगा। लेकिन आज तक किसी नेता को ऐसा कोई हर्जाना भरते हुए देखा तो नहीं गया, हां, ऐसे आश्वासनों और गारंटियों से मतदाता छला अवश्य जाता रहा है। सच बात तो यह है कि नेता भी जानते हैं कि वह जनता को झांसा दे रहे हैं और जनता भी समझती है कि उसे भरमाने की कोशिश हो रही है। रूसी नेता निकिता ख्रुश्चेव ने एक बार कहा था, 'सब राजनेता एक से होते हैं, वे वहां भी पुल बनाने का आश्वासन दे सकते हैं जहां नदी ही न हो!' रूसी नेता ने शायद यह बात अपने देश के संदर्भ में कही हो, पर यह बात हमारे देश पर भी लागू होती है। आश्वासन दावे, वादे, गारंटियां आज हमारी राजनीति का एक अविभाज्य हिस्सा बन गये हैं और चुनावी मौसम में तो इन सब की भरमार हो जाती है। न कोई नेता यह बताता है कि उसके पिछले वादों का क्या हुआ और न मतदाता यह पूछने की ज़रूरत समझता है कि पिछले वादे पूरे क्यों नहीं हुए और उनके वादों-आश्वासनों पर क्यों विश्वास किया जाये। पर शायद भीतर ही भीतर राजनेता यह समझने लगे हैं कि मतदाता में उनके प्रति अविश्वास बढ़ता जा रहा है। इसीलिए अब हमारे नेता आश्वासन नहीं देते, गारंटी देते हैं। हज़ारों-लाखों की उपस्थिति वाली सभाओं में छाती ठोक कर हमारे नेता गारंटियों की बौछार कर रहे हैं। वे यह भी मान रहे हैं कि वह जितना जोर से बोलेंगे जनता उनकी बात पर उतना ही ज्यादा विश्वास करेगी!

ज़ोर से बोलने की इस प्रतिस्पर्धा में कोई नेता पीछे नहीं रहना चाहता। वह यह भी मानकर चल रहा है कि जैसे पिछले आश्वासनों को आम जनता भूलती रही है, वैसे ही गारंटियों को भी भूल जायेगी। पर सवाल आश्वासनों और गारंटियों को याद रखने और भूलने का नहीं है, सवाल हमारी समूची राजनीति पर लगातार लग रहे सवालिया निशानों का है। हमारी समूची राजनीति आज कठघरे में है, हमसे जवाब मांग रही है कि हमने उसे यानी राजनीति को नेताओं के भरोसे ही क्यों छोड़ दिया है? क्यों हम ऐसे नेताओं की बात पर विश्वास कर लेते हैं जो या तो जनता को मूर्ख समझते हैं, या मूर्ख बनाते हैं? हर पार्टी का हर नेता सिद्धांतों और मूल्यों की दुहाई देता है, अपनी कमीज को दूसरे की कमीज से उजली बताने के दावे करता है। हकीकत यह है कि हमारी आज की राजनीति का सिद्धांतों-मूल्यों से कोई रिश्ता नहीं रह गया, और हकीकत यह भी है कि सारी कमीजें मैली हैं। हमारी राजनीति का यह हाल इसलिए हो गया है कि हमने इसे राजनेताओं के भरोसे छोड़ दिया। ढुलमुल राजनेताओं को जिन्हें इस बात की तनिक भी चिंता नहीं रहती कि कल उन्होंने क्या बोला था, और आज क्या कह रहे हैं! कल जिस बात को गलत ठहरा रहे थे, आज वही बात उन्हें सही लगने लगती है। सच तो यह है कि राजनीतिक नफे-नुकसान के इस घटिया खेल में हमारे राजनेताओं ने जनता को अपनी चाल का मोहरा मात्र समझ लिया है। यह सही है कि कभी-कभी 'यह जनता है, सब जानती है' का स्वर भी सुनाई पड़ जाता है, पर कुल मिलाकर स्थिति यही बनी हुई है कि राजनेता जनता को अपने खेल का खिलौना समझते हैं। अब समय आ गया है कि जनता राजनेताओं के हाथों का खिलौना बने रहने से इंकार करे।

देश के मतदाता को इस बात को समझना ही होगा कि जनतांत्रिक व्यवस्था में राजनीति बहुत गंभीर मसला है, इसे नेताओं के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। जनता को समझना यह भी है कि उसे नेताओं की कथित गारंटियों के भरोसे नहीं, अपनी समझ के भरोसे अपने वोट का इस्तेमाल करना है। उसे देश के नेताओं से पूछना ही पड़ेगा कि उनकी कथनी और करनी में इतना अंतर क्यों है, और क्यों वह यह मानकर चल रहे हैं कि जनता को हमेशा मूर्ख बनाया जा सकता है। सवाल किसी एक पार्टी का नहीं है, सब पार्टियों का है। यह हमारा दुर्भाग्य ही है कि पिछले 75 सालों में हमारी राजनीति का मूल्यों-आदर्शों से रिश्ता लगातार कमजोर हुआ है। सिद्धांतों की राजनीति अब एक जुमला मात्र बनकर रह गयी है! अवसरवाद हमारी राजनीति का मूल मंत्र बन चुका है। राजनीति अब सत्ता हथियाने का खेल बनकर रह गयी है। सत्ता के लिए राजनीति का यह घिनौना खेल जनतांत्रिक मूल्यों को नकारने वाला है।

जनतंत्र का मतलब पांच साल में एक बार वोट मांगना या वोट देना ही नहीं होता। जनतंत्र एक जीवन-प्रणाली है। राजनीतिक ईमानदारी इस प्रणाली का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होनी चाहिए। यह ईमानदारी कहीं खो गयी है। नहीं, खोई नहीं है, हम जान-बूझकर इस चाबी को कहीं रख कर भूल गये हैं। जनता को यह चाबी अपने हाथ में लेनी ही होगी। हमें अपने नेताओं से पूछना ही होगा कि उनकी कार्य-प्रणाली में ईमानदारी के लिए कोई जगह क्यों नहीं है? सिद्धांतों, मूल्यों और नीतियों के आधार पर राजनीतिक दल क्यों नहीं बनाये और चलाये जा सकते? बेईमान और भ्रष्ट राजनेताओं की राजनीतिक नफे-नुकसान के लिए दलों में आवा-जाही को क्यों स्वीकारा जाये? क्यों ऐसे राजनेताओं को अपना बना लिया जाता है जिन्हें कल तक भ्रष्टाचारी और बेईमान घोषित किया जाता रहा था? ऐसे में उन गारंटियों पर विश्वास क्यों किया जाये जो हमारे राजनेता खुले-हाथ लुटा रहे हैं?

जब बोलना ज़रूरी हो तो चुप रहने का कोई अर्थ नहीं होता, यह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था। अब सच्चाई और ईमानदारी के पक्ष में बोलने की ज़रूरत है। यह आवाज़ उठानी ही चाहिए कि झूठे दावों-वादों वाली राजनीति अब स्वीकार नहीं होगी। उस बैंक के नाम की गारंटी का कोई मूल्य नहीं होता जिसकी साख जर्जर होती जा रही है। हमारी राजनीति ऐसा ही बैंक न बन जाये, यह गारंटी हमें, हर जागरूक नागरिक को, स्वयं को देनी ही होगी।

**साभार :** लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, यह लेखक के अपने विचार हैं।

**रमेश शर्मा**

### 4 नवम्बर 1870 : सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी भाई परमानन्द का जन्म

# काले पानी की सजा काट भगतसिंह राजगुरु जैसे क्रांतिकारी तैयार किये

सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी भाई परमानन्द का जन्म 4 नवम्बर 1870 को झेलम जिले के करियाला गांव में हुआ। यह क्षेत्र अब पाकिस्तान में है। भाई जी के परिवार की पृष्ठभूमि राष्ट्र और संस्कृति के लिये बलिदान की रही है । गुरु तेगबहादुर के साथ अपने प्राणों की आहुति देने वाले भाई मतिदास इन्ही के पूर्वज थे । उनके परिवार की ऐसी कोई पीढ़ी नहीं जिसने इस राष्ट्र के लिये बलिदान न दिया हो । इनके पिता ताराचंद ने अपनी किशोर वय में 1857 की क्रान्ति के संदेश वाहक के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई थी । उस क्रान्ति की असफलता के बाद वे आर्य समाज से मिलकर सांस्कृतिक गौरव जागरण के काम में लग गये थे। इसलिये राष्ट्र और संस्कृति के समर्पण के संस्कार भाई परमानन्द जी को बचपन से मिले थे । भाई जी ने इसी परंपरा को आगे बढ़ाया। वे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। एक ओर जहां आर्यसमाज और वैदिक धर्म के अनन्य प्रचारक थे, वहीं एक आदर्श शिक्षक, इतिहास, संस्कृति और साहित्य मनीषी के रूप में भी उनकी ख्याति थी। सरदार भगत सिंह, सुखदेव, पं० राम प्रसाद बिस्मिल, करतार सिंह सराबा जैसे असंख्य राष्ट्रभक्त युवकों के वे उनसे प्रेरणा स्त्रोत थे। आपने हिंदी में भारत का इतिहास लिखा है। इतिहास-लेखन में आप राजाओं, युद्धों और केवल जीवनवृत्त विवरण को ही प्रधानता नहीं देते थे । वे भारत की परंपराओं और सांस्कृतिक गौरव से समाज को अवगत कराना चाहते थे । वे कहते थे कि इतिहास मानवीय भावनाओं, इच्छाओं, आकांक्षाओं, संस्कृति गौरव एवं सभ्यता की गुणवत्ता को अधिक महत्व दिया जाना चाहिए। 1902 में भाई परमानन्द ने पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की और लाहौर के दयानन्द एंग्लो महाविद्यालय में शिक्षक नियुक्त हो गये ।

भारत की प्राचीन संस्कृति तथा वैदिक धर्म में आपकी रुचि देखकर महात्मा हंसराज ने आपको भारतीय संस्कृति का प्रचार करने के लिए अक्टूबर 1905 में अफ्रीका भेजा। डर्बन में भाई जी की गांधीजी से भेंट हुई। अफ्रीका में आप तत्कालीन प्रमुख क्रान्तिकारियों सरदार अजीत सिंह, सूफी अंबाप्रसाद आदि के संपर्क में आए। इन क्रांतिकारी नेताओं से संबंध तथा क्रांतिकारी दल की कारवाही पुलिस की दृष्टि से छिप न सकी। अफ्रीका से भाई जी लन्दन चले गए। वहाँ उन दिनों श्यामजी कृष्ण वर्मा तथा विनायक दामोदर सावरकर क्रान्तिकारी कार्यों में सक्रिय थे। भाई जी इन दोनों के सम्पर्क में आये। और एक संकल्प लेकर 1907 में भारत लौटे । लौटकर दयानन्द वैदिक महाविद्यालय में शिक्षण कार्य के साथ वे युवकों में राष्ट्र और सांस्कृतिक गौरव बोध जगाने के कार्य में जुट गये । इसी बीच सरदार अजीत सिंह तथा लाला लाजपत राय से उनकी निकटता बढ़ी। इससे वे पुलिस की नजर में आ गये । 1910 में पुलिस ने उन्हे लाहौर से गिरफ्तार कर लिया किन्तु कोई आरोप प्रमाणित न हो सका और वे जमानत पर रिहा हो गये। रिहाई के बाद भाई जी अमरीका चले गये। वहाँ जाकर प्रवासी भारतीयों के बीच वैदिक धर्म के प्रचार अभियान में जुट गये । वहाँ आपकी भेंट प्रख्यात क्रांतिकारी लाला हरदयाल से हुई। उन दिनों वहाँ भारत की स्वाधीनता के लिए अभियान चलाने और संगठन तैयार करने की योजना चल रही थी । लाला हरदयाल ने भाई जी को भी इस दल में सम्मिलित कर लिया । इस दल में करतार सिंह सराबा, विष्णु गणेश पिंगले जैसे कार्यकर्ताओं ने भारत की स्वाधीनता के लिए अपना जीवन समर्पित करने का संकल्प लिया। भाई जी पुनः 1913 में भारत लौटे और लौटकर लाहौर में युवकों को क्रान्ति केलिये युवकों की टोली तैयार करने में जुट गये । उन्होंने इसके लिये देश भर की यात्राएँ कीं तथा यात्रा के बीच ही 1914 में तवारिख-हिन्द नामक ग्रंथ की रचना की जो इतिहास को एक प्रेरणादायी पुस्तक है ।



भारत में क्रांति करने के उद्देश्य से गदर पार्टी का गठन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में युवकों की टोली तैयार हो गई । भाई जी इस पार्टी के अग्रणी नेताओं में थे उन्होंने पेशावर में क्रान्ति के नेतृत्व का दायित्व स्वयं लिया । इसकी भनक पुलिस को लगी और भाई जी 25 फरवरी 1915 गिरफ्तार कर लिये गये । उनके विरुद्ध अमरीका तथा इंग्लैण्ड में अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध षड्यन्त्र रचने, करतार सिंह सराबा तथा अन्य अनेक युवकों को सशस्त्र क्रान्ति के लिए प्रेरित करने, आपत्तिजनक साहित्य की रचना करने जैसे आरोप लगे और फाँसी की सजा सुना दी गई। इसकी प्रतिक्रिया देश भर में हुई। पुनर्विचार याचिका भी लगी और फाँसी की सजा आजीवन कारावास में बदल गई। दिसम्बर, 1915 में अण्डमान जेल भेज दिया गया। जहाँ उन्हे अमानवीय यातनाएँ दीं गई । इधर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती भाग्यसुधी ने धनाभाव के बावजूद स्वाभिमान और साहस के साथ अपने परिवार के पालन-पोषण का दायित्व निभाया। अण्डमान की काल कोठरी में भाई जी ने मेरे अन्त समय का आश्रय नामक ग्रन्थ की रचना की। जेल में बंदियों पर होने वाले अमानवीय अत्याचारों के विरुद्ध भाई जी ने दो महीने का भूख हड़ताल की । गान्धीजी को जब कालापानी में इन अमानवीय यातनाएँ दिए जाने का समाचार मिला तो उन्होंने 19नवम्बर 1919 के यंग इंडिया में एक लेख में इन यातनाओं की भर्त्सना की। उन्होंने भाई जी की रिहाई की भी माँग की। प्रथम विश्व युद्ध के संदर्भ में भारतीय जेलों में राजनैतिक बंदी रिहा किये गये भाई जी भी 20 अप्रैल 1920 को कालापानी जेल से मुक्त कर दिये गये ।

अंडमान जेल के पाँच वर्षों में भाई जी ने जो अमानवीय यातनाएँ सहन कीं, उनपर भी उन्होंने मेरी आपबीती नामक पुस्तक की रचना की उनका वर्णन पढ़कर रोंगटे खड़े होते हैं। इनका उल्लेख प्रो. धर्मवीर द्वारा लिखित पुस्तक क्रान्तिकारी भाई परमानन्द ग्रन्थ में है। जेल से मुक्त होकर भाई जी ने पुनः लाहौर को अपना कार्य क्षेत्र बनाया। लाला लाजपतराय भाई जी के अनन्य मित्रों में थे। उन्होंने राष्ट्रीय विद्यापीठ की स्थापना की तो उसका कार्यभार भाई जी को सौंपा गया। इसी कालेज में भगतसिंह व सुखदेव आदि पढ़ते थे। भाई जी ने उन्हें सशस्त्र क्रान्ति के यज्ञ में आहुतियाँ देने के लिए प्रेरित किया था। भाई जी ने वीर बन्दा वैरागी पुस्तक की रचना की, जो पूरे देश में चर्चित रही। इसी बीच असहयोग आंदोलन आरंभ हुआ । लेकिन इस आन्दोलन के साथ खिलाफत आंदोलन के जुड़ने का भाई जी ने कड़ा विरोध किया। लेख लिखे और सभाएँ भी कीं। भाई जी पर इसकी प्रतिक्रिया इतनी तीव्र हुई कि उन्होने हिन्दू संगठन के महत्व पर बल दिया और हिन्दू पत्र का प्रकाशन प्रारंभ कर दिया । इस पत्र में देश को खण्डित करने के षड्यन्त्रों को उजागर किया। भाई जी ने 1930 में अपने एक लेख में भाई जी ने बाकायदा यह चेतावनी भी दे दी थी कि मुस्लिम नेताओं का उद्देश्य मातृभूमि का विभाजन कर नये देश का निर्माण करना है । बाद में भाई जी हिंदू महासभा में सम्मिलित हो गए। 1933 में हिंदू महासभा के अजमेर अधिवेशन में भाई जी अध्यक्ष चुने गए। अंततः भाई जी की आशंका समय के साथ सही साबित हुई और भारत का विभाजन हो गया । यह वेदना उनके हृदय में इतनी गहरी हुई कि वे बीमार पड़ गये तथा 8 दिसम्बर 1947 को उन्होंने इस संसार से विदा ले ली। मध्यप्रदेश में राज्यपाल रहे डॉ. भाई महावीर इन्हीं के चिरंजीव थे वे भी जीवनभर अपने पिताश्री के पदचिन्हों पर चलकर राष्ट्र और संस्कृति के लिये समर्पित रहे। भाई जी की स्मृति को बनाये रखने के लिये दिल्ली में एक व्यापार अध्ययन संस्थान का नामकरण उनके नाम पर किया गया है। तथा 1979 में भारत सरकार ने उनकी स्मृति में डाक टिकट जारी किया।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

मतदाता जागरुकता के लिए अनूठा प्रयास

# नौकायन रैली के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरुक



**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में मतदाता जागरूकता के लिए जिले में विभिन्न नवाचारी गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन एवं नगर पालिका नर्मदापुरम द्वारा अनूठा प्रयास करते हुए होमगार्ड के सिंह से नगर के पावन सेठानी घाट पर नौकायन रैली एवं हस्ताक्षर अभियान का अयोजन किया गया। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचयात और स्वीप नोडल सुजान सिंह रावत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सीईओ श्री रावत ने कहा कि नव मतदाताओं के लिए विशेष अवसर है कि उन्हें मतदान का अधिकार प्राप्त हुआ है। पूरे उत्साह के साथ लोकतंत्र के इस महोत्सव में अपनी सहभागिता निभाएं और अन्य मतदाताओं को भी मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर सभी ने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी ली गई।

इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पांडे डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड राजेश जैन, जनपद पंचायत सीईओ हेमंत सूत्रकार सहित अन्य अधिकार कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान होमगार्ड एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों ने भी मतदान करने की शपथ ली।

विधानसभा निर्वाचन के लिए कर्मचारियों के सेकेंड रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण

# 1306 मतदान दलों को विधानसभा वार मतदान केंद्र आवंटित

**6160 कर्मचारी कराएंगे मतदान**

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में आगामी विधानसभा निर्वाचन में कुल 6160 कर्मचारी मतदान संपन्न कराएंगे। जिले के चारों विधानसभा में निर्धारित कुल 1187 मतदान केंद्रों पर 1306 मतदान दल नियोजित किए गए हैं, जिनमें 698 मतदान केंद्रों पर पुरुष, 208 केंद्रों पर केवल महिलाएं एवं 281 मतदान केंद्रों पर दो पुरुष और दो महिलाएं मतदान कराएंगे। साथ ही 119 मतदान दल रिजर्व रखे गए हैं।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं निर्वाचन प्रेक्षकों की उपस्थिति में ईएमएस पोर्टल के माध्यम से कर्मचारियों का द्वितीय रेंडमाईजेशन किया गया। इस रेंडमाइजेशन के द्वारा विधानसभा निर्वाचन हेतु अधिकारियों ,कर्मचारियों एवं माइक्रो ऑब्जर्वर के रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण हुई। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी श्री मनीष गुणवान द्वारा पोर्टल पर रेंडमाइजेशन किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रक्रिया से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए कर्मचारियों को मतदान केंद्र आवंटित किए गए हैं। इससे पूर्व भी ईवीएम का रेंडमाईजेशन सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में मतदान प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी एवं निष्पक्षता से कराने के लिए रेंडमाइजेशन किया गया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि रेंडमाइजेशन की इस प्रक्रिया से मतदान दलों का गठन किया गया है तथा उन्हें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र आवंटित किये गए हैं। विधानसभा निर्वाचन में सभी विधानसभा क्षेत्रों में ऑल वुमेन मैनेज पोलिंग बूथ भी बनाए गए हैं। जहां केवल महिला मतदान कर्मियों की ड्यूटी रहेगी। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार ये सभी महिला मतदान कर्मी संबंधित विधानसभा क्षेत्र से ही रहेंगी।

विधानसभा का चुनाव कराने गठित मतदान दलों में शामिल अधिकारियों - कर्मचारियों की द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों की मौजूदगी में संपन्न हुई। होशंगाबाद और सिवनीमालवा विधानसभा के केंद्रीय सामान्य प्रेक्षक उदय नारायण दास और सोहागपुर और पिपरिया के प्रेक्षक सुहास एस मौजूद रहें। प्रेक्षकों द्वारा जिला प्रशासन द्वारा संपन्न कराई गई रेंडमाईजेशन की कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत , उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, उपसंचालक कृषि जे आर हेडाऊ सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। डीआईओ श्री गुणवान ने बताया कि सिवनीमालवा विधानसभा के 318 मतदान केंद्रों के लिए 350 मतदान दल, होशंगाबाद विधानसभा के 238 मतदान केंद्रों के लिए 262 मतदान दल, सोहागपुर के 314 मतदान केदो के लिए 345 मतदान दल एवं पिपरिया के 317 मतदान केंद्रों के लिए 349 मतदान दलों को केंद्र आवंटित किए गए। 346 क्रिटिकल मतदान केंद्रों के लिए केंद्रवार माइक्रो ऑब्जर्वर भी नियोजित किए गए हैं।

**698 मतदान केंद्रों पर पुरुष, 208 पर केवल महिलाएं एवं 281 केंद्रों पर 2 महिला और 2 पुरुष मतदान संपन्न कराएंगे, 119 मतदान दल रहेंगे रिजर्व**




## छात्र और छात्राओं ने वोट के संकेत की श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरुकता का दिया संदेश

**विद्यालय की छात्राओं के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित**

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं स्वीप प्रभारी सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्वीप गतिविधियों की श्रृंखला में नर्मदापुरम के शासकीय संभागीय आईटीआई में 03 नवंबर 2023 को आईटीआई के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत वोट के संकेत की श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इसी प्रकार नर्मदापुरम के ग्राम बिछुआ में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।




खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूने

# आगामी त्योहारों के दृष्टिगत खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच निरंतर जारी



**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

आगामी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम के निर्देशन में विभागीय जांच दलों द्वारा जिले में लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों, मिठाई निर्माता, विक्रेताओं की जांच की जा रही है। विगत दिनों खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश दियावार एवं टीम द्वारा इटारसी शहरी क्षेत्र स्थित शिवराज स्वीट्स, विमल स्वीट्स, गोपी स्वीट्स एवं गगन मगन स्वीट्स सहित मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया । शहरी क्षेत्र के प्रतिष्ठान शिवराज स्वीट्स और विमल स्वीट्स में निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थ केसर कतली एवं ऑरेंज बर्फी के नमूने जांच हेतु लिए गए। इसके अतिरिक्त पुरानी इटारसी स्थित गगन मगन स्वीट्स से राजस्थानी हलवा नामक मिठाई व खोया के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। अगले दिन इटारसी स्थित राजस्थान स्वीट से मिल्क केक एवं कुंदा पेड़ा तथा नॉवेल्टी स्वीट्स से केसर पेड़ा तथा बेसन लड्डू के नमूने जांच हेतु लिए गए।

गुरुवार को तहसील बनखेड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा निरीक्षण कर राजस्थानी बर्फी, मलाई बर्फी एवम बेसन के नमूने लिए गए। साथ ही आज शुक्रवार को तहसील पिपरिया में खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम ने सघन निरीक्षण किया और रंगजी स्वीट्स से मलाई कतली, बीकानेर स्वीट्स से कुंदा बर्फी व बेसन लड्डू सपना स्वीट्स से मलाई बर्फी अग्रवाल नाश्ता भंडार से समोसे के नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत खाद्य पदार्थ मिठाई आदि पर निर्माण तिथि एवं अवसान तिथि का प्रदर्शन एवं साफ सफाई के लिए निर्देश दिए गए। नमूने जांच हेतु विधिवत प्रयोगशाला प्रेषित किए जा रहे हैं एवं जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए विभाग द्वारा कार्यवाही सतत जारी रहेगी।

## श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भगवान के 24 अवतारों का वर्णन

**सिवनी मालवा।** शिवपुर अर्चनागांव में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन हरदा के कथा वाचक पंडित विद्याधर उपाध्याय, के श्रीमुख से किया जा रहा है। दूसरे दिवस की कथा का वाचन द्वारा शुरू किया गया। उन्होंने कथा सुनाते हुए कहा कि व्यक्ति को संतोषी होना बहुत जरूरी है। श्री वेद व्यास जी एक लाख श्लोक से परिपूर्ण महाभारत और श्रीमद्भागवत के अतिरिक्त अन्य 17 पुराणों की रचना कर चुके थे, फिर भी सन्तुष्ट नही थे, तब नारद जी ने भगवत दी तो व्यास जी ने उसका विस्तार किया और उनका असंतोष दूर किया। दूसरे दिवस की कथा में सृष्टि की उत्पत्ति, वराह अवतार, हिरण्याक्ष का वध, कपिल मुनि जन्म की कथा सुनाई। भगवान विष्णु के अलग-अलग 24 अवतारों का जिक्र किया। उन्होंने



श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया। कहा कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास जाते हैं। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है। कथा व्यास श्री उपाध्याय ने कहा कि संसार मे मनुष्य मात्र को भजन करना बहुत जरूरी है, बिना भजन के मुक्ति नही होगी, मरणासन व्यक्ति को भगवान का ध्यान चिंतन करना चाहिए।

**मेट्रो एंकर** निर्वाचन व्यय निगरानी के संबंध में अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं को दी गई जानकारी

# जिला निर्वाचन अधिकारी : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार ही निर्वाचन व्यय करें अभ्यार्थी

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

आगामी विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत निर्वाचन व्यय निगरानी के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह और निर्वाचन व्यय प्रेक्षक रजत दत्ता की उपस्थित में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं को निर्वाचन व्यय लेखा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्वाचन व्यय के संबंध में कहा कि नाम निर्देशन पत्र जमा करने के साथ ही निर्वाचन व्यय संबंधित अभ्यार्थी का खाते में जोड़ा जाएगा। आयोग के निर्देश अनुसार ही सभी अभ्यर्थी निर्वाचन व्यय का प्रबंधन करें। जिला प्रशासन द्वारा सभी विधानसभाओं के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया है जो अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय की सतत निगरानी कर रही है।

निर्वाचन व्यय प्रेक्षक श्री दत्ता ने कहा कि निर्वाचन व्यय में किसी प्रकार की विसंगति ने हो इसका विशेष ध्यान रखें। निर्वाचन व्यय के संबंध में आयोग के निर्देशों का पालन करें। अभ्यार्थीयों द्वारा बैंको के माध्यम से ही अपना निर्वाचन व्यय किया जाएं। उन्होंने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम और उसके उल्लंघन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा चुनाव परिणाम घोषणा के 30 दिन के अंदर अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय के संबंध में जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय को देनी होगी। उन्होंने निर्वाचन व्यय के संबंध में आगामी तिथियों पर आयोजित होने वाली विभिन्न बैठकों के संबंध में भी जानकारी दी।बैठक में अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं को आदर्श आचरण संहिता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, नोडल व्यय निगरानी संजय कुमार जी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## विधानसभा स्तर पर आयोजित की गई स्टैंडिंग कमेटी की बैठक

**सिवनी मालवा ।** भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा में नाम वापसी एवं चुनाव चिन्ह आवंटित होने के पश्चात विधानसभा स्तर पर स्थानीय जनपद सभागृह में प्रमोद सिंह गुर्जर रिटर्निंग अधिकारी की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों को आदर्श आचरण संहिता और निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को मतदाता सूची और दिव्यांगजन मतदाताओं की जानकारी सर्विस वोटर की प्रतिया उपलब्ध कराई गई। मतदान अभिकर्ता और मतगणना अभिकर्ता के दायित्व के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई रिटर्निंग अधिकारी द्वारा पोस्ट वैलेट स्ट्रांग, रूम मतदान, सुविधा केंद्र के बारे में भी बताया गया। अंबुज रावत प्रभारी व्यय लेखा शाखा तथा वेदांग सिंह चौहान सहायक व्यय प्रेक्षक द्वारा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यार्थियों एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधियों को लेखा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई।







### पहली बार पूर्व मंत्री की बेटियां भी निकली वार्डो में प्रचार को

# मुख्य बाजार में जनसमर्थन मांगने निकले भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा का जोरदार स्वागत

सिरोंज,दोपहर मेट्रो

**भाजपा प्रत्याशी उमाकान्त शर्मा ने शुक्रवार को नगर के मुख्य बाजार में व्यापारी एवं आम नागरिकों से जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए आशीर्वाद लिया। अपने संपर्क के दौरान कही उन्होंने दीवाली के लिए सड़क पर दुकान लगाने वालों से दीपक खरीदे तो कही चिरपरिचित अंदाज में सब्जी वालों से भी सड़क पर बैठकर बातचीत की। इस दौरान उनको शहरवासियों ने जमकर समर्थन प्रदान किया।**



शुक्रवार को कठाली बाजार से कार्यकर्ताओ के साथ भाजपा प्रत्याशी उमाकान्त शर्मा बाजार में जन समर्थन माँगने के लिए निकले। उन्होंने दुकान दुकान पहुँचकर व्यापारी भाइयों एवं शहरी ग्रामीण क्षेत्र की जनता जनार्दन से आशीर्वाद माँगा। जनसम्पर्क के दौरान व्यापारीयों ने उत्साह के साथ उनका पुष्पमाला पहनाकर एवं फूल बरसा कर स्वागत किया। जनसंपर्क करते हुए उन्होंने दीवाली के लिए सजावट से सजे बाजार में छोटे दुकानदारों से भी मुलाकात की ओर उनका उत्साहवर्धन भी किया। कोर्ट दरवाजे तक निकले इस महाजनसंपर्क अभियान में समाज के सभी वर्गों का समर्थन उनको प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेतागण माइक से भाजपा सरकार की उपलब्धियों ओर योजनाओं को भी बताते हुए चल रहे थे।

पूर्व मंत्री के बेटियों ने वार्डो में की वोट अपील - चुनावी दौर के इस अभियान के अंतर्गत वार्ड 18 एवं 19 में स्वा. पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा की बेटियाँ ने भी महिला कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर पहुँचकर भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा के लिए वोट अपील की। इस दौरान उन्होंने लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा क्षेत्र के विकास में दिए योगदान से भी माता बहिनों को अवगत कराया।

# निर्वाचन में लापरवाही बरतने पर दो पटवारी सस्पेंड

सिरोंज,दोपहर मेट्रो

रिटर्निंग अधिकारी हर्षल चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 में निर्वाचन प्रक्रिया के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 147 सिरोंज के आम निर्वाचन संपन्न कराए जाने हेतु तहसील सिरोंज में मीडिया पक्ष स्थापित किया गया है। जिसमें शुभम पटेल पटवारी एवं रघुवीर सिंह मीना पटवारी की ड्यूटी लगाई गई। मीडिया सेल प्रभारी द्वारा औचक निरीक्षण में दोनों पटवारी अनुपस्थित पाए गए। विधानसभा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में गंभीर लापरवाही के कारण शुभम पटेल पटवारी एवं रघुवीर सिंह मीना को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।






## जितेंद्र यादव ने ली कांग्रेस पार्टी की सदस्यता

यादव समाज के युवा नेता समाजसेवी जितेंद्र यादव सिरोंज ने कांग्रेस पार्टी सिरोंज लटेरी विधानसभा 147 के प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी द्वारा कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ली कांग्रेस पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश यादव, विनय सिंह यादव, अशोक यादव, सुरेंद्र रघुवंशी, नरेश यादव, अशोक यादव, नरेंद्र पाटीदार, संजीव यादव, कांग्रेस कमेटी के समस्त साथियों एवं सभी वरिष्ठ लोगों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। सभी लोगों ने फूलमाला एवं कांग्रेस पार्टी की तोलिया पहनाकर कांग्रेस परिवार में स्वागत किया जितेंद्र यादव मित्रों और समाज के लोगों ने शुभकामनाएं दी।

## खेल एवं खिलाड़ी प्रकोष्ठ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त हुए शोएब खांन



**सिरोंज ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की सहमति एवं महामंत्री प्रभारी समस्त प्रकोष्ठ प्रभारी जेपी धनोपिया के अनुमदन से मोहम्मद शोएब खान एडवोकेट पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष को खेल खिलाड़ी प्रकोष्ठ का वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री खान ने दिग्विजय सिंह एवं खेल खिलाड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह सोलंकी का आभार व्यक्त किया है। ज्ञात हो की श्री खांन हमेशा जनता के कामों के लिए अग्रसर रहते है और सामाजिक कार्यों में ही अपना जीवन व्यतीत कर रहे है पूर्व में भी श्री खांन कई पदों पर रह कर अपना कार्य ईमानदारी और लगन से कर चुके है। इस दौरान बधाईयां देने वालों का तांता लगा रहा इनमें रशीदा खानम, राजा मियां पठान लटेरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अलीम उल्लाह बेग, सलीम खान, जफर खान रोहिलपुरा आदि ने बधाई दी।

**मेट्रो एंकर** मताधिकार का प्रयोग करने न्यायाधीश ने की अपील

# शासकीय एलबीएस कॉलेज में संपन्न हुआ विधिक साक्षरता शिविर

**सिरोंज,दोपहर मेट्रो। नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लीगल एड क्लिनिक, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में माननीय न्यायाधीश गणों द्वारा स्टाफएवं विद्यार्थियों को विधि संबंधी उपयोगी जानकारी प्रदान की गई।**

इस अवसर पर न्यायाधीश अंकिता जैन ने रोड सेफ्टी से संबंधित विभिन्न कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए आगाह किया कि बिना लाइसेंस एवं बिना बीमा के गाड़ी चलाने पर आने वाली समस्याओं एवं सजा के बारे में अवगत कराया। वरिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश महोदया अपूर्वा ताम्रकार ने छात्राओं एवं अवयस्क बालकों पर होने वाले दुराचार के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए छात्राओं को सचेत किया कि उनके साथ किसी भी तरह का गलत व्यवहार होने पर पुलिस थाने में जाकर शिकायत अवश्य करें।




पोक्सो एक्ट के तहत न्यायालय एवं पुलिस इसे बहुत ही गंभीरता से लेती है। जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश माननीय सुरेंद्र मेश्राम जी ने फौजदारी एवं दीवानी मुकदमा के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए दान एवं वसीयत के बारे में बहुत ही सटीक एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की। क्रेता के साथ बिल के अनुसार सामग्री प्राप्त नहीं होने पर उपभोक्ता फोरम में जाने की सलाह दी। इसके साथ ही भारतीय लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए आगामी विधानसभा निर्वाचन में सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफको अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की। प्राचार्य डॉक्टर लाल चंद्र राजपूत ने समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।




### इंडिया और अफगानिस्तान पांचवें नंबर पर, 14 पॉइंट्स के साथ भारत अभी टेबल टॉपर

# नीदरलैंड की सेमीफाइनल खेलने की उम्मीदें ना के बराबर, अगले दो मैचों में जीत के चांस कम

**लखनऊ, एजेंसी**

लखनऊ में वर्ल्ड कप लीग स्टेज का 34वां मैच खेला गया। जिसमें अफगानिस्तान ने नीदरलैंड को हरा दिया। अफगानिस्तान के स्पिनर्स ने 6 विकेट लिए और इस जीत में बड़ी भूमिका निभाई। 180 रन का आसान टारगेट अफगानिस्तान ने 32वें ओवर में हासिल कर लिया।

पॉइंट्स टेबल की स्थिति 14 पॉइंट्स के साथ भारत अभी टेबल टॉपर है। इंडिया ने 7 मैच खेले और सभी में जीत हासिल की। भारत को अभी 2 मैच और खेलने हैं। साउथ अफ्रीका टेबल में नंबर 2 पर है। उसने 7 मैच खेले और 6 जीते हैं। उसके 12 पॉइंट्स हैं। उसे अभी 2 मुकाबले और खेलने हैं। पॉइंट्स टेबल में तीसरी पोजिशन पर ऑस्ट्रेलिया है। 6 में से 4 मैच जीतकर उसके 8 पॉइंट्स हैं। ऑस्ट्रेलिया को 3 मैच और खेलने हैं। न्यूजीलैंड नंबर 4 पर है। उसके भी 8 पॉइंट्स हैं। न्यूजीलैंड ने 7 में से 4 मैच जीते हैं। ऑस्ट्रेलिया के भी 8 पॉइंट्स हैं। लेकिन न्यूजीलैंड का नेट रन रेट उससे थोड़ा कमजोर है। वर्ल्ड कप में आज 2 मुकाबले खेले जाएंगे। दिन का पहला मैच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।

### ■ अफगानिस्तान के सेमीफाइनल खेलने के समीकरण

नीदरलैंड के खिलाफ जीत के बाद अफगानिस्तान पॉइंट्स टेबल में 5वें नंबर पर है। टीम ने 7 मैच खेले हैं। जिनमें से 4 में जीत के साथ उसके 8 पॉइंट्स हैं। नेट रन रेट कमजोर होने की वजह से वो न्यूजीलैंड से नीचे है। अफगानिस्तान के अगले मुकाबले ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका से हैं। दोनों मैच जीतकर अफगानिस्तान को अपना नेट रन रेट अच्छा करने की भी जरूरत है। जिससे उसके सेमीफाइनल में क्वालिफाई करने के चांस बनेंगे। वहीं, नीदरलैंड की सेमीफाइनल खेलने की उम्मीदें लगभग ना के बराबर हो गई हैं। उसके अगले मैच इंग्लैंड और भारत के खिलाफ हैं। जिनमें उसकी जीत के चांस काफी कम है।

### ■ कवर ड्राइव पर कोहली का जबरदस्त है कंट्रोल

अफगानिस्तान ने वर्ल्ड कप 2023 में लगातार तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने शुक्रवार को नीदरलैंड को 7 विकेट से हराया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी नीदरलैंड की टीम 46.3 ओवर में 179 रन पर ऑलआउट हो गई। 180 रन का टारगेट अफगानिस्तान के बल्लेबाजों ने 31.3 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस जीत से अफगानिस्तान सेमीफाइनल की रेस में बरकरार है। टीम 7 मैचों में चौथी जीत से पॉइंट्स टेबल में 5वें नंबर पर आ गई है। अफगानिस्तान की झोली में 8 अंक हैं। टीम ने पिछले 2 मुकाबलों में श्रीलंका को 7 और पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया था। अफगानी टीम से कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी ने 56 और रहमत शाह 52 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। इनसे पहले मोहम्मद नबी ने 3 विकेट लिए।




### ■ 34वें मैच बाद पॉइंट्स टेबल में अफगानिस्तान के 8 पॉइंट्स हैं, नीदरलैंड 8वें पर नंबर पर

अफगानिस्तान की टीम लगातार तीसरी जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में 5वें नंबर पर आ गई है। जबकि नीदरलैंड लगातार दूसरी हार से बाहर होने की कगार पर है। 34वें मैच के बाद पॉइंट्स टेबल में अफगानिस्तान के 8 पॉइंट्स हैं, जबकि नीदरलैंड 4 पॉइंट्स के साथ 8वें नंबर पर है। डच टीम को सेमीफाइनल में बने रहने के लिए आखिरी दोनों मुकाबले जीतने होंगे। लेकिन टीम के मैच इंग्लैंड और भारत से बाकी हैं, दोनों ही मैच जीतना उनके लिए मुश्किल होंगे। जबकि अफगानिस्तान के 2 मैच साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से बाकी हैं, दोनों मैच में जीतने पर 12 पॉइंट्स के साथ टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें ज्यादा रहेंगी।

### ■ मैच एनालीसिस: मिडिल ओवर में तालमेल नहीं बना सके डच बल्लेबाज, 4 रनआउट हुए

पावरप्ले में पहले झटके से उबरने के बाद नीदरलैंड की पारी मिडिल ओवर में बिखर गई। टीम के बल्लेबाज 11वें से 40 ओवर के बीच आपस में तालमेल नहीं बैठा सके। इस दौरान टीम के 4 बैटर्स रनआउट हुए। हालांकि, लगातार गिरते विकेट्स के बीच सायब्रांड एंगलब्रेक्ट ने 58 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली। बाद में वे भी रनआउट हुए। इस विकेटपतन का सिलसिला 12वें ओवर में ओपनर मैक्स ओ डाउड (42 रन) के रनआउट से शुरू हुआ। टीम ने बीच के 30 ओवर में 101 रन बनाने में 7 विकेट गंवा दिए। 40 ओवर के बाद डच टीम का स्कोर 167/8 रहा।

### ■ ओपनर मैक्स की कॉलिन एकरमैन के साथ अर्धशतकीय साझेदारी, भी काम न आई

वेज्ली बारेसी मैच के पहले ओवर की 5वीं बॉल पर एक रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें मुजीब उर रहमान ने एलबीडल्यू किया। 3 रन के टीम स्कोर पर पहला विकेट गिरने के बाद ओपनर मैक्स ओ डाउड ने कॉलिन एकरमैन के साथ अर्धशतकीय साझेदारी करके नीदरलैंड का स्कोर 70 पार पहुंचाया। 10 ओवर में नीदरलैंड ने 66 रन बनाए। अफगानी टीम ने अच्छी शुरुआत की। टीम ने पहले 10 ओवर में एक विकेट पर 55 रन बनाए। ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज 10 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें लॉगन वान बीक ने कॉट बिहाइंड कराया।

## वर्ल्ड कप के 2×7 मुकाबले आज

वर्ल्ड कप 2023 का रोमांच अब अपने चरम पर है।10 टीमों के बीच लीग चरण के 34 मैच हो जाने के बाद आधिकारिक तौर पर टीम इंडिया ने जहां सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की है वहीं बांगलादेश टीम की अभी तक टूर्नामेंट से विदाई तय हुई है।अब सेमीफाइनल की बची हुई 3 जगहों के लिए 8 टीमों की आस बनी हुई है।



**आलोक गोस्वामी**
खेल विश्लेषक

दरअसल आज सुपर सैटरडे में होने वाले डबल हेडर मुकाबले में 4 टीमों का आमना सामना होगा ,लेकिन सही मायने में आज के इन मुकाबलों में 7 टीमों के गणित दांव पर लगे हुए हैं। बेंगलुरु में होने वाला पहला मुकाबला पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होगा,जबकि अहमदाबाद में होने वाली दूसरी भिड़ंत पिछली चैंपियन इंग्लैंड और 5 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया में होना है। वर्ल्ड कप के आगाज में पिछले चैंपियन इंग्लैंड को धमाकेदार अंदा में शिकस्त देनी वाली न्यूजीलैंड टीम की लगातार हार के बाद उसने अपने 7 में से 4 मुकाबले जीते हैं।अगर आज के मुकाबले में वो पाकिस्तान टीम को हराने में कामयाब होती है तो फिर पाकिस्तान के साथ ही इंग्लैंड,नीदरलैंड व श्रीलंका के सेमीफाइनल के रास्ते बंद हो जायेंगे।क्योंकि ये सभी टीमें अधिकतम 8 अंक ही ले पायेंगी जबकि न्यूजीलैंड 10 अंकों के आंकड़े पर पहुंच जायेगी। इसके बाद मात्र भारत, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान ही ऐसी टीमें होंगी जो 12 अंक तक जा सकती हैं। इनमें से ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान को आपस मे एक मैच खेलना है जिसके बाद दोनों में से एक टीम का 10 अंकों में पहुंचना तय है। मतलब साफ है कि तमाम अंकों के गणित के हिसाब से आज होने वाले 2 मैचों 7 टीमों के सेमीफाइनल का सफर दांव पर रहने वाला है। इसी वजह से वर्ल्ड कप में आज का दिन 2×7 मुकाबले का भी कहा जा सकता है।

## हार्दिक पंड्या वर्ल्ड कप से बाहर, प्रसिद्ध कृष्णा की एंट्री

**बेंगलुरु, एजेंसी**

टीम इंडिया के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा को टीम में शामिल किया गया है। आईसीसी ने इसकी पुष्टि की है। हार्दिक 19 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ पुणे में खेले गए मैच में एंकल ट्विस्ट हो जाने से चोटिल हो गए थे। इसके बाद उन्होंने कोई मैच नहीं खेला। वर्ल्ड कप में उन्होंने 4 मैच खेले। हार्दिक बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए मैच में 9वें और अपने पहले ओवर में चोटिल हो गए थे। तीसरी बॉल पर हार्दिक का टखना मुड़ा और वह क्रीज पर ही बैठ गए। मेडिकल टीम ने चोट देखी और उन्हें मैदान से बाहर ले कर गए। हार्दिक की जगह विराट कोहली बॉलिंग करने आए। उन्होंने 3 बॉल में 2 रन दिए।



**चोट लगने के बाद पुणे से एनसीए गए थे पंड्या:** बांग्लादेश के खिलाफ चोट लगने के बाद पंड्या 22 अक्टूबर को धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मैच के लिए पुणे से टीम के साथ नहीं गए। वे पुणे से बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में चले गए। अभी वह एनसीए में ही डॉक्टरों की निगरानी में रिहैब कर रहे हैं।

**वर्ल्ड कप में पंड्या ने लिए 5 विकेट:** हार्दिक पंड्या वर्ल्ड कप में अब तक खेले 4 मैचों में 6.84 की इकोनॉमी रेट से 5 विकेट ले चुके हैं। उन्होंने 11 रन भी बनाए हैं। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा पहली बार वर्ल्ड कप के टीम में शामिल किए गए हैं। प्रसिद्ध को बैकअप के तौर पर तैयार रहने को कहा गया था और वह नेशनल क्रिकेट एकेडमी में ही अभ्यास कर रहे थे। शनिवार को टूर्नामेंट की इवेंट टेक्निकल कमेटी से मंजूरी मिलने के बाद उन्हें भारतीय स्क्वॉड में शामिल किया गया। प्रसिद्ध ने भारत के लिए 17 वनडे मैच खेले हैं। उन्होंने 29 विकेट लिए हैं। उन्हें वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान टीम इंडिया में शामिल किया गया था।

### पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा मैच

## रचिन की चौथी फिफ्टी, न्यूजीलैंड का स्कोर 153




**बेंगलुरु, एजेंसी**

वनडे वर्ल्ड कप में आज 5वां डबल हेडर मुकाबला हो रहा है। दिन का पहला मैच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा रहा है। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया है। पहले बैटिंग कर रही न्यूजीलैंड ने 24 ओवर के बाद एक विकेट के नुकसान पर 153 रन बना लिए हैं। केन विलियमसन और रचिन रवींद्र क्रीज पर हैं। दोनों खिलाड़ियों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हो चुकी है। रचिन रवींद्र की इस वर्ल्ड कप की तीसरी और वनडे करियर की चौथी फिफ्टी पूरी हो चुकी है। डेवोन कॉन्वे 35 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें हसन अली ने विकेटकीपर रिजवान के हाथों कैच करवाया। रचिन और डेवोन कॉन्वे के बीच पहले विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी हुई। यह पार्टनरशिप कॉन्वे के विकेट के साथ टूटी। कॉन्वे 35 रन बनाकर हसन अली का शिकार बने। पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी रही। रचिन रवींद्र और डेवोन कॉन्वे के बीच पहले 10 ओवर में अर्धशतकीय साझेदारी हुई।



### मेट्रो बाजार

## पुष्य-नक्षत्र: वाहन, ज्वेलरी व अन्य चीजों की खरीदारी का अक्षय लाभ

**नईदिल्ली, एजेंसी**

4 नवंबर और 5 नवंबर को पुष्य नक्षत्र है। इन दोनों दिन वाहन, ज्वेलरी, कपड़े और अन्य चीजों की खरीदारी का अक्षय लाभ मिलेगा। ऐसे में अगर आप नई कार खरीदने का प्लान बना रहे हैं तो ये सही समय हो सकता है। कंपनियां कार के टॉप वैरिएंट्स में सेफ्टी, कम्फर्ट से लेकर कन्वीनियंस तक के एडवांस्ड फीचर देती हैं, वहीं बेस वैरिएंट में काफी कम फीचर्स मिलते हैं। ऐसे में अगर आपका बजट कम है और आप कार का बेस वैरिएंट खरीदने का प्लान कर रहे हैं या आपके पास पहले से कार है, तो हम यहां कई ऐसी जरूरी एक्सेसरीज के बारे में बता रहे हैं जो काफी काम की साबित हो सकती है।



टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम में नॉब और डिवाइस होते हैं। व्हील के वॉल्व पर सेंसर से लैस नॉब लगाए जाते हैं। ये नॉब डिवाइस पर चारों टायर के एयर प्रेशर को बताता रहता है। इस डिवाइस को कार के डेशबोर्ड पर लगा सकते हैं, जो सोलर एनर्जी से चार्ज हो जाता है।

ड्राइव करते समय जब आपकी कार को पीछे से कोई दूसरी गाड़ी ओवरटेक करती है तो एक स्पॉट ऐसा आता है, जब गाड़ी नहीं दिखती। ऐसे में उस ब्लाइंड स्पॉट पर गाड़ी देखने के लिए कॉन्वेक्स मिरर पर लगाए जाते हैं। ये वाइड एंगल व्यू प्रोवाइड करता है। इससे एक्सीडेंट होने के चांसेस कम हो जाते हैं। आप अपनी कार में रिवर्स पार्किंग कैमरा लगवा सकते हैं, जिसकी मदद से कार को पार्क करना काफी आसान हो जाता है। इसके साथ आप फ्रंट और रियर पार्किंग सेंसर्स को जोड़कर भी आराम से कार पार्क कर सकते हैं।

## मोबिलिटी की जगुआर लैंड रोवर से पार्टनरशिप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स की ईवी डिविजन यूनिट टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने जगुआर लैंड रोवर के साथ पार्टनरशिप के लिए MO साइन किया है। टाटा मोटर्स की सहायक दोनों कंपनियां पार्टनरशिप के तहत इलेक्ट्रिक कार बनाने के लिए टेक्नोलॉजी शेयर करेंगी। आर्किटेक्चर प्लेटफार्म पर इलेक्ट्रिक कार टाटा अविन्या को डेवलप किया जाएगा। जिसका कॉन्सेप्ट मॉडल इस साल ऑटो एक्सपो-2023 में पेश किया गया था। इसके अलावा दोनों कंपनियां इलेक्ट्रिक कार के प्रोडक्शन के लिए एक इंजीनियरिंग सर्विस एग्रीमेंट भी साइन करेंगी। यह जानकारी टाटा मोटर्स के ग्रुप चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर पीबी बालाजी ने दी। उन्होंने कहा कि यह टाटा मोटर्स की स्केटबोर्ड ईवी या थर्ड जनरेशन प्रोडक्ट में बदलाव की रणनीति का हिस्सा है। बालाजी ने बताया कि जब हमने प्योर इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए एक प्लेटफॉर्म की तलाश की तो अविन्या के लिए आर्किटेक्चर अच्छी तरह से फिट बैठता है। पहला बैच 2024 के आखिर से प्रोडक्शन में जाएगा। शुरुआत में इसका प्रोडक्शन हेलवुड प्लांट में किया जाएगा। जगुआर लैंडर रोवर ने एक इलेक्ट्रिफाइड मॉड्यूलर आर्किटेक्चर प्लेटफार्म तैयार किया है। इस प्लेटफार्म पर डेवलप टाटा अविन्या के साथ मिड-साइज इलेक्ट्रिक SUV सेगमेंट में ये कंपनी 2025 से इंटरनेशनल मार्केट में एंट्री करेगी।

### मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना



## मृणाल जल्द शादी करके हैदराबाद शिफ्ट होंगी

मृणाल ठाकुर की शादी की खबरें सामने आ रही हैं। उम्मीद है कि वो जल्द ही एक तेलुगु एक्टर के साथ शादी के बंधन में बंध सकती हैं। ये खबर लाइमलाइट में तब आई जब एक अवॉर्ड सेरेमनी से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है कि जिसमें प्रोड्यूसर अल्लू अरविंद ने मृणाल की जल्दी शादी की कामना की है। हालांकि उन्होंने उस तेलुगु एक्टर के नाम का खुलासा नहीं किया है। हाल ही में मृणाल को एक अवॉर्ड सेरेमनी में फिल्म सीता रामम के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था। इस सेरेमनी के दौरान फिल्म प्रोड्यूसर अल्लू अरविंद ने उन्हें आशीर्वाद दिया और कहा- मुझे उम्मीद है कि आपको जल्द ही एक पति मिल जाएगा और आप हैदराबाद शिफ्ट हो जाएंगी। एक इंटरव्यू में मृणाल ने कहा था कि वो शादी पर भरोसा करती हैं। उन्होंने आगे कहा था- इसकी वजह ये है कि मेरे आस-पास लगभग सभी लोगों की शादियां सफल रही हैं। बस हमें यह महसूस करने की जरूरत है कि हमें उस व्यक्ति से शादी करें, जो हमारे लिए बना हो। अब वह व्यक्ति आपको 18 से 20, 30 से 40, 50 से 60 की उम्र में मिल सकता है। मृणाल ने आगे कहा था कि शादी के लिए सही जीवन साथी खोजने की कोई उम्र नहीं होती।

### फिल्म 'आंख मिचौली' में दिखीं मृणाल

3 नवंबर को रिलीज हुई फिल्म आंख मिचौली में मृणाल लीड रोल में दिखाई दी हैं। उनके साथ परेश रावल, विजय राज, शरमन जोशी और दिव्या दत्ता जैसे कलाकार भी दिखाई दिए हैं। उन्होंने पारो का किरदार निभाया है। वहीं आने वाले दिनों में वो पिप्पा, फैमिली स्टार और हाई नाना जैसी फिल्मों में नजर आएंगी।

## अगले साले 25 जनवरी को रिलीज होगी 'फाइटर', दीपिका-ऋतिक आएंगे नजर

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'फाइटर' की शूटिंग पूरी हो गई है। फिल्म 25 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। ये भारत की पहली हवाई एक्शन फिल्म होगी। इस फिल्म का स्पिरिट ऑफ फाइटर नाम से 57 सेकेंड का टीजर 15 अगस्त को रिलीज हुआ था जिसमें ऋतिक, दीपिका और अनिल कपूर के एयरफोर्स ऑफिसर लुक सामने आए थे। डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने फिल्म के सेट से फोटो शेयर कर लिखा- फाइटर फिल्म की शूटिंग खत्म हुई। सिद्धार्थ ने 2021 में इस फिल्म की अनाउंसमेंट की थी। फाइटर में पहली बार ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण साथ नजर आएंगे।



## सुष्मिता सेन बोली- मेडिकल जांच कराई थी, फिर भी हार्ट अटैक आया



सुष्मिता सेन ने खुलासा किया है कि जब वो आर्या के तीसरे सीजन की शूटिंग में बिजी थीं, तभी उन्हें हार्ट अटैक आया था। इस घटना से पहले उन्होंने मेडिकल जांच कराया था। फिर भी उन्हें हार्ट अटैक आया। उन्होंने ये भी बताया कि फैमिली बैकग्राउंड की वजह से साल में 2 बार वो मेडिकल टेस्ट जरूर कराती हैं। एक इंटरव्यू में सुष्मिता ने बताया- ये सब बहुत अचानक से हुआ। मेरे पेरेंट्स को भी हार्ट की बीमारी है। इस बात को ध्यान में रखते हुए मैं साल में दो बार अपना मेडिकल चेकअप जरूर कराती हूं। पता था कि जेनेटिक्स रूप में मुझे भी बीमारी हो सकती है। आखिरी बार मैंने हार्ट अटैक आने के 6 महीने पहले मेडिकल टेस्ट कराया था। रिपोर्ट में सब कुछ ठीक था। स्ट्रेस टेस्ट भी ठीक था। ईको भी ठीक था। फिर भी हार्ट अटैक आया। सुष्मिता सेन को 27 फरवरी को शूटिंग के सेट पर हार्ट अटैक आया था। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर दी थी। पोस्ट के जरिए उन्होंने बताया कि उन्हें आर्या 3 के सेट पर हार्ट अटैक आया था।

## एटीएम बदलकर युवक के खाते से निकाले 54 हजार



### शाहपुरा में दो जालसाजों ने की वारदात, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस कर रही तलाश

भोपाल, दोपहर मेट्रो

राजधानी में एटीएम बदलकर चोरी और ठगी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित गुलमोहर पर दो जालसाजों ने कल दोपहर एक युवक का एटीएम बदलकर उसके खाते से 54 हजार रुपए की नगदी निकाल ली। घटना की शिकायत युवक ने तत्काल शाहपुरा थाने पहुंचकर की थी। पुलिस ने अज्ञात दो जालसाजों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार अंकित बाथम पिता ओम प्रकाश बाथम (31) सांची पार्लर का संचालन करता है। उसके पिता बल्लभ भवन से रिटायर्ड है। गुलमोहर में रहने वाला अंकित दोपहर एटीएम में पिता के लिए रुपए निकालने पहुंचा था। इस दौरान उसने एटीएम में कार्ड लगाया और उसने रुपए निकाले। इसी बीच उसे मोबाइल पर कॉल आ गया। एटीएम से रुपए निकालते समय उसे पीछे खड़े एक युवक ने देख लिया था। युवक बाहर निकल गया, जबकि उसके साथी ने एटीएम मशीन में लगा अंकित का कार्ड निकालकर अपने कार्ड से बदल लिया। कार्ड बदलने के बाद अंकित अपने घर चला गया। इधर आरोपियों ने उसके एटीएम कार्ड से दस दस हजार रुपए दो एटीएम से निकाले और 34 हजार रुपए की आनलाइन खरीदी कर ली।

### अशोका गार्डन में औद्योगिक क्षेत्र स्थित कलारी के पास देर रात हुआ हादसा

# ट्रक ने चार युवकों को कुचला, दो की मौके पर मौत, तीसरे ने हमीदिया में दम तोड़ा

### अस्पताल में भर्ती एक युवक की हालत नाजुक

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित रूची कलारी औद्योगिक क्षेत्र में बीती रात ट्रक ने चार युवकों को कुचल दिया। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दो युवकों को इलाल के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया था। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह तीसरे युवक ने भी दम तोड़ दिया। घायलों में एक युवक की हालात नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिए है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपे जाएगा।**



एसआई भुजराम ने बताया कि अमजद खान (19) देवगढ़ झारखंड का रहने वाला था और फिलहाल निजामुद्दीन कॉलोनी, पिपलानी में रहताड़था। अमजद औद्योगिक क्षेत्र अशोका गार्डन में एक फैक्ट्री में काम कर रहा था। उसके साथ हसनुद्दीन खान (26) निवासी देवगड़, झारखंड भी काम करता था। दोनों शुक्रवार रात काम कर लौट रहे थे। उनकी बाइक में पेट्रोल खत्म हो गया था और वह बाइक धकेलते हुए औद्योगिक क्षेत्र से मुख्य सड़क की तरफ जा रहे थे। उनके साथ परवेज और हसन अंसारी भी थे। चारों लोग रात करीब साड़े 11 बजे के आसपास रूची कलारी के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रहे अज्ञात ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। इस हादसे में अमजद खान और हसनुद्दीन की मौके पर ही मौत हो गई थी। इधर गंभीर रूप घायल परवेज और हसन को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया था। वहां इलाज के दौरान आज शनिवार सुबह हसन अंसारी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परवेज की हालत नाजुक बनी हुई है।

### सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सड़क पर पड़े अमजद और हसनुद्दीन के शव पीएम के लिए पहुंचाए थे। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर कुछ लोगों ने बताया कि हादसा ट्रक से हुआ है और ट्रक वाला मुख्य सड़क की तरफ भागा है। पुलिस घटनास्थल और मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

## बाइक की टक्कर से घायल हुई कॉलेज छात्रा की इलाज के दौरान मौत

कोहेफिजा थानांतर्गत लालघाटी ब्रिज के पास बाइक की टक्कर में घायल हुई कालेज छात्रा की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज किया गया था। घायल युवती की मौत के बाद आरोपी पर धाराएं बड़ाई जा रही हैं।

पुलिस के मुताबिक रोहित मोहिते (21) मूलत- पुणे महाराष्ट्र का रहने वाला है। फिलहाल वह भारती निकेतन एमपी नगर में रहता है और पड़ाई करता है। बीती 27 अक्टूबर की शाम करीब पौने चार बजे वह अपनी दोस्त सुवर्णा पाटिल (22) के साथ मोटर सायकिल से शाशिव कालेज परवलिया सड़क जा रहा था। हमीदिया अस्पताल के सामने से होकर वह लालघाटी स्थित ओवरब्रिज से पहले बाइक को साइड ब्रिज के




नीचे उतारने के लिए मुड़ा, तभी एक मोटर सायकिल चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही रोहित और सुवर्णा सड़क पर गिरकर घायल हो गए। रोहित को बाए हाथ और सुवर्णा के सिर में गंभीर चोट आई थी। एक आटो चालक ने दोनों को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल सुवर्णा को इलाज के लिए रायल मार्केट स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शुक्रवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। मृतका बुरहानपुर की रहने वाली थी और भोपाल में रहकर पड़ाई करती थी। पुलिस ने एक दिन पहले ही टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज किया था। घायल युवती की मौत के बाद आरोपी पर धाराएं बड़ाई जा रही हैं।

## लड़की के फोटो और वीडियो एडिट कर पिता के मोबाइल पर भेजे

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मंगलवारा पुलिस ने एक व्यक्ति की रिपोट पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ छेड़छाड़ और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी ने फरियादी की बेटी के फोटो और वीडियो एडिट कर उन्हें



अश्लील बनाया और पिता के मोबाइल पर भेज दिए थे। हालांकि कुछ देर बाद उसने उन्हें डिलीट कर दिया था। पुलिस के मुताबिक इस मामले की शिकायत इलाके में रहने वाली एक कारीगर ने की थी। कारीगर ने बताया कि बीती 31 अक्टूबर की शाम करीब साड़े चार बजे उनके मोबाइल पर तीन फोटो और एक वीडियो आया था। उन्होंने उसे डाउनलोड किया तो पता चला कि उसमें उनकी बेटी के फोटो और वीडियो को एडिट कर अश्लील बनाया गया है। उन्होंने फोटो-वीडियो भेजने वाले मोबाइल पर फोन किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। करीब दस मिनट बाद फोटो और वीडिय डिलीट कर दिए गए, लेकिन तब तक कारीगर ने उसके स्क्रीन शॉट ले लिए थे। पुलिस मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।

## वीआईपी रोड पर बड़े तालाब से युवक की लाश मिली



भोपाल, दोपहर मेट्रो

तलैया थाना पुलिस ने शुक्रवार को वीआईपी रोड स्थित बड़े तालाब से एक युवक की लाश बरामद की। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस के मुताबिक शाम करीब चार बजे सूचना मिली कि वीआईपी रोड के पास बड़े तालाब में एक व्यक्ति की लाश पड़ी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने नगर निगम के गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया और मर्ग कायम कर पीएम के लिए भेज दिया। आसपास जांच करने पर नगर निगम के कूड़ेदान के पास एक जोड़ी कुर्ता पाजामा और चप्पल पड़ी मिली। अनुमान है कि उक्त कपड़े उसे युवक के होंगे, जिसकी तालाब से लाश मिली है। मृतक की उम्र करीब तीस साल बताई गई है। पुलिस शव की पहचान कराने के प्रयास कर रही है।

## नौवीं कक्षा की छात्रा के साथ युवक ने की अश्लील हरकत

भोपाल, दोपहर मेट्रो

बैरागढ़ में रहने वाली नौवीं कक्षा की एक छात्रा के साथ मोहल्ले में रहने वाले युवक ने अश्लील हरकत कर दी। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी नौवीं में पड़ती है। मोहल्ले में रहने वाला मोहित उर्फ मुल्लू नामक युवक काफी दिनों से उसका पीछा कर परेशान कर रहा था। गुरुवाह सुबह लड़की पास की दुकान पर सामान लेने जा रही थी, तभी मोहित ने उसके साथ अश्लील हरकत कर दी। डर के कारण किशोरी अपनी नानी के घर चली गई थी। दोपहर को घर लौटने के बाद उसने थाने जाकर मोहित के खिलाफ केस दर्ज करवाया।



इधर गोविंदपुरा पुलिस ने 24 वर्षीय युवती की रिपोर्ट पर महेश यादव नामक युवक के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज किया है। आरोपी फोन पर युवती के साथ अश्लील बातें करता था। इसी प्रकार ईंटखेड़ी पुलिस ने 42 वर्षीय महिला की रिपोर्ट पर हेमराज नामक युवक के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज किया है।

## किडनैपिंग केस में 30 बच्चों का डाटा खंगाल रही पुलिस

भोपाल, दोपहर मेट्रो

भोपाल पुलिस पीरगेट स्थित कर्फ्यू वाली माता मंदिर परिसर से 2 बहनों की किडनैपिंग में गिरफ्तार आरोपी डॉ. अशोक कुमार को लेकर दिल्ली पहुंची है। पुलिस अशोक यहां से जब्त दस्तावेजों की तस्दीक करेगी। उसके अस्पताल में 2022 और 2023 में हुई सभी 30 डिलीवरी, स्टाफ की संलिप्तता और दस्तावेजों को खंगालेंगे। इससे पहले भी भोपाल पुलिस दिल्ली जा चुकी है। इस मामले में पुलिस अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्त में ले चुकी है। जिनमें सबसे पहले 5 आरोपी अर्चना सेन, मुस्कान बानो, सूरज सेन, निशांत रामा स्वामी और अर्चना की नाबालिग बेटी शामिल हैं। बाद में पुलिस ने कथित डॉक्टर अशोक कुमार और शक्ति देवी उर्फ सीमा को दबोचा है। दूसरी तरफ, एंजल के परिजन कुछ समय तक पुलिस के संपर्क में थे। अब उन्होंने फोन बंद कर लिया है। दिल्ली से पकड़ाए डॉक्टर अशोक कुमार पिता धन सिंह को एक नवंबर की देर रात औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया है।

**मेट्रो एंकर** — मैनिट चौराहे के पास मिली थी महिला

## ऑटो चालक की मदद से पुलिस ने मानसिक रूप से बीमार महिला को पहुंचाया घरौंदा संस्थान

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**मैनिट चौराहे के पास मिली मानसिक रूप से बीमार एक महिला को ऑटो चालक की मदद से पुलिस स्टाफ ने सकुशल घरौंदा संस्थान पहुंचाया। महिला नागपुर जाने की बात कर रही थी, लेकिन अन्य कोई जानकारी नहीं दे पा रही थी। उसके परिजनों का पता लगाया जा रहा है।**



पुलिस के मुताबिक नव आरक्षक धर्मेंद्र पाल कमिश्नर कार्यालय में पदस्थ हैं। गुरुवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह कार्यालय से अपने घर नेहरू नगर जा रहे थे। मैनिट चौराहे पर एक ऑटो चालक ने उन्हें बताया कि मानसिक रूप से बीमार एक महिला कहीं से भटक कर आई है और नागपुर जाने की बात कर रही है। इसके अलावा वह अन्य कोई जानकारी नहीं दे पा रही है। नव आरक्षक धर्मेंद्र ने इसकी जानकारी तुरंत ही डायल 100 को दी। सूचना मिलते ही महिला थाना प्रभारी शिल्पा कौरव और कमला नगर थाना प्रभारी निरुपा पांडे भी मौके पर पहुंच गईं।

महिला अधिकारियों ने उससे बातचीत करने का प्रयास किया, लेकिन विक्षिप्त महिला जब कोई जानकारी नहीं दे पाई तो उसे कमला नगर थाने ले जाया गया। कमला नगर थाने की हेड कांस्टेबल सुनंदा ने रात करीब 9 बजे महिला सुरक्षा शाखा की एएसआई निधि त्रिपाठी को इसकी जानकारी दी और मानसिक रूप से बीमार महिला को किसी सुरक्षित स्थान पर रखवाने का बोला। ऐसी महिलाओं को गौरवी संस्था में नहीं रखा जाता, इसलिए किसी दूसरे स्थान पर रखवाने की व्यवस्था करने का कहा। काफी प्रयास करने के बाद एएसआई त्रिपाठी ने नीलम कौर के घरोंदा का मोबाइल नंबर दिया। अधिकारियों ने नीलम से बातचीत कर महिला की स्थिति के बारे में बताया, जिसके बाद उसे घरौंदा संस्थान पहुंचाया गया। आटो चालक और पुलिस अधिकारियों के इस प्रयास के चलते महिला को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022